आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 35, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12

कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14

## एक नजर

### ओडिशा में दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान में मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांगेरघाटी क्षेत्र के एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) केसा कवासी (32) और आंध्र-ओडिशा सीमा माओवादी सैन्य प्लाटून के एसीएम राकेश उर्फ सानू कुंजम (30) को सुरक्षा बलों ने उक्त जिले के सोडिगुडा और तेंतुलीगुडा गांवों के निकट से गिरफ्तार किया। दोनों नक्सलियों से एक पिस्तौल, दस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक वॉकी-टॉकी और एक रेडियो, छह राउंड गोलियां, दो चाकू और कुछ अन्य सामान बरामद किया गया है।

### कुएं से गैस रिसाव रोकने के तेज किए गए प्रयास

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ओएनजीसी ने असम के शिवसागर जिले में स्थित अपने एक कुएं से प्राकृतिक गैस के अनियंत्रित रिसाव को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। ऑयल एंड नेचुरल गैस कंपनी (ओएनजीसी) ने शुक्रवार को कहा कि आपदा प्रबंधन टीम इस कुएं से रिसाव पर काबू पाने के लिए उपकरण लगा रही है। कंपनी ने कहा कि शिवसागर जिले में स्थित रुद्रसागर क्षेत्र में भोटियापार के पास कुआं संख्या 147ए से गैस के लगातार रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

### सीबीआई ने साइबर अपराधी को दबोचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को धोखाधड़ी की साजिश में फंसाने के लिए सिम कार्ड मुहैया कराता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धोखाधड़ी की इस साजिश के तहत आरोपियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को लोगों को रियायती दरों पर बेचने की पेशकश की।

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए ने शुरू की जांच

**अहमदाबाद में विमान हादसा**

## जांच एजेंसी एएआईबी ने बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से किया बरामद

## शवों की कराई जा रही डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली। ● एजेंसी

### मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया, घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है।

### ब्रिटेन और अमेरिका के जांच दल भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने कहा कि पूरा समूह सदमे और शोक में है। कहा कि हम हर स्तर पर घायलों और पीड़ितों के साथ हैं। ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल भी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्हें हमारी तरफ से पूरा सहयोग रहेगा और इस दुर्घटना के निष्कर्षों को लेकर हर कदम पर पारदर्शी रहेगा। कहा कि दुर्घटना को लेकर लोग बहुत सारे अनुमान भी लगा रहे हैं, लेकिन अभी धैर्य रखने की जरूरत है।

### ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी।

एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का तत्काल प्रभाव से निर्देश दिया है। ये कार्रवाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी।



अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा। नियामक ने 15 जनवरी से बोइंग 787 विमानों की विभिन्न एकबारगी जांच के आदेश दिए हैं।

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया

- विमान में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश की आपबीती



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था। मैंने सीट से अपनी बेल्ट खोली और बाहर निकल आया। रमेश ने कहा कि मेरी आंखों के सामने एयरहोस्टेस और अंकल-आंटियों की मौत हो गई। एक मिनट के भीतर ऐसा लगा कि विमान रुक गया है... और विमान एक इमारत से टकरा गया। रमेश विमान की सीट संख्या 11ए पर बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती रमेश से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा।

# इजराइल का हमला ईरान ने भी दागे ड्रोन



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

**दुबई, एजेंसी**

- ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को बनाया निशाना
- रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुखिया और ईरानी सैन्य प्रमुख की मौत

इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को सुबह देश की राजधानी पर हमले किए जिनमें दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल की सेना ने कहा है कि ईरान उस पर किए गए हमलों के जवाब में इजराइल पर ड्रोन दाग रहा है।

इजराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में ईरान ने इजराइल की ओर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं। सभी रक्षा प्रणालियां हमलों को रोकने के लिए काम कर रही हैं। डेफ्रिन ने कहा कि लगभग 200 इजराइली लड़ाकू विमान अभियान में शामिल थे और लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया गया तथा हमले अब भी जारी हैं। ईरान भर में कई स्थानों हमला किया गया जिसमें ईरान का मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल है। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। ईरान ने रिवॉल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह के इजराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि इजराइली हवाई हमले में ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा।

# अनाथ बच्चों को आरक्षण देगा इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्ण शुल्क माफी की घोषणा
- ऐसा आरक्षण देने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय

दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने 2025-26 सत्र से अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनाथ बच्चों को आरक्षण प्रदान करने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एकल बालिका संतान के लिए आरक्षण लागू करने के एक वर्ष बाद यह कदम उठाया गया है जिसका लक्ष्य समावेशी शिक्षा प्रदान करना है तथा उसे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक विश्वविद्यालय स्कूल और कार्यक्रम में अनाथ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। ये छात्र विश्वविद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत पूर्ण ट्यूशन फीस माफी के भी पात्र होंगे। इस पहल के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए कुलपति महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी को शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कोविड-19 महामारी या अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इन विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का भी लाभ मिले। आईपी विश्वविद्यालय ऐसा आरक्षण लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है।

### परिषदीय विद्यालयों में 30 तक बढ़ाया गया ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। परिषदीय विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए 30 जून तक पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे।

# एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला। थाईलैंड हवाई अड्डे के अधिकारी उस यात्री से पूछताछ कर रहे हैं जिसने विमान पर बम की धमकी वाला नोट दिखाया था। विमान में 156 यात्री सवार थे। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार 24 के अनुसार विमान ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे फुकेट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बम की धमकी मिलने के बाद विमान ने अंडमान सागर का चक्कर लगाया और आपात स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।



थाईलैंड के फुकेत हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करता एयर इंडिया का विमान।

- फुकेट से दिल्ली आ रहे विमान को मिली थी बम रखा होने की धमकी
- सघन जांच में कुछ नहीं मिला विमान में सवार थे 156 यात्री

### पठानकोट में आपात स्थिति में उतरा अपाचे

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक आपातकालीन लैंडिंग के कारण के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति पर टिप्पणी से इनकार कर दिया।

# अगले हफ्ते में प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून

## भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, 14-15 जून से होगी पूर्वी क्षेत्र में अधिकतम तापमान में गिरावट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी से हलकान लोगों को मॉनसून राहत देने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कई राज्यों में मानसून की ठंडी फुहारें पड़ सकती हैं। दरअसल, एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के करीब तैयार होगा। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहते हैं जो 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा।

फिलहाल यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला तेज करेगा।



हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि जोरदार बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मॉनसून प्रणाली के 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जो दिल्ली की सामान्य शुरुआत की तारीख (27 जून) से पहले है। चूंकि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पश्चिमी भाग, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए मॉनसून के इन तारीखों के आसपास या उससे पहले ही प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है।

अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

### 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में होगी बारिश

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। यह सामान्य आगमन की तारीखों से कुछ दिन पहले हो सकता है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून ने इस सप्ताह फिर से तेजी पकड़ी है। यह 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को कवर कर लेगा। इसके बाद, 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।
> – **मनोज कुमार सिंह**, मुख्य सचिव (उप्र.)

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी डीएम ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## एक नजर

### कॉलेज प्रबंधक आवेदन-पत्र 17 जून तक करें अग्रसारित : सचिव

**प्रयागराज।** प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में 2025-26 सत्र में ऑनलाइन तबादले की कार्यवाही समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज प्रदेश के सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी)और जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को शुक्रवार को पत्र लिखा है कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून तक निर्धारित है। कॉलेज प्रबंधकों को आवेदन-पत्र अग्रसारित करने के लिए 17 जून तक की समय-सीमा दी गई है। ऑनलाइन आवेदन संबंधी पोर्टल से स्पष्ट है कि कॉलेज प्रबंधक आवेदनकर्ताओं के आवेदन-पत्र बहुत धीमी गति से अग्रसारित कर रहे हैं।

### वायरल वीडियो की जांच करने पहुंचीं एसडीएम

**कोरांव/प्रयागराज :** कोरांव तहसील में लगातार अल्ट्रासाउंड के नाम पर किए जा रहे खेल का वीडियो वायरल होने पर कोरांव एसडीएम आकांक्षा सिंह और सीएचसी के अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने शुक्रवार को प्राइवेट नर्सिंग होम जीवन रेखा मेडिकेयर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। वहां डाक्टरों की सूची, डिग्री एवं कर्मचारियों की डिग्री के संबन्ध में अधीक्षक से दो दिन के अन्दर जांच रिपोर्ट मांगी तथा अस्पताल में गन्दगी पर फटकार लगाई। भारत सरकार द्वारा जीवन रेखा मेडिकेयर व भारत अस्पताल को पीएनडीटी के तहत महिलाओं के अल्ट्रासाउंड के लिए अधिकृत किया गया है।

### अंतर जनपदीय तबादले के आवेदन की तिथि बढ़ी

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षकों के अंतर जनपदीय तबादले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून तक बढ़ा दी गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने ऑनलाइन आवेदन के लिए नौ से 12 जून तक का अवसर दिया गया था। शिक्षकों-शिक्षिकाओं को 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए उसकी छायाप्रति संबंधित बीएसए कार्यालय में जमा करनी होगी।

## आठवीं तक के स्कूलों में गर्मी की छुट्टी 15 दिन बढ़ी

संवाददाता, प्रयागराज

- सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने हीट वेव के कारण लिया फैसला
- शिक्षक, कर्मचारी 16 से जाएंगे स्कूल : सुरेन्द्र तिवारी

**अमृत विचार।** यूपी में जूनियर हाईस्कूल तक के बच्चों की गर्मी की छुट्टी 15 दिन और बढ़ा दी गई है। पहले स्कूल बच्चों की पढ़ाई के लिए 15 जून से खुलने थे। अब आठवीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 30 जून तक बंद रखने का आदेश हो गया है।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि टीचरों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी के अनुसार ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक की ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी एवं हीट-वेव को देखते हुए 30 जून तक पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे। एक जुलाई से पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

सचिव ने बताया कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए विद्यालय पहले से जारी समय-सारिणी के अनुसार 16 जून से ही संचालित किए जाएंगे और सभी स्टाफ विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक, प्रशासकीय एवं अन्य कार्यों को पूर्ण करेंगे। मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए विद्यालय प्रबंध समिति निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी।

## एसडीएम को हटाए जाने तक जारी रहेगी हड़ताल

**कोरांव/प्रयागराज, अमृत विचार।** कोरांव तहसील के अधिवक्ताओं ने आज लंबित मांगों को लेकर पांचवें दिन भी एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं की मांग है कि विवादित लेखपालों का कोरांव तहसील से तबादला दूसरी तहसीलों में किया जाए जिससे कि जो विवाद है वह खत्म हो सके। अधिवक्ताओं का कहना है कि लेखपाल संघ लिखित रुप से ज्ञापन में अवैध वसूली कराए जाने की बात कही है, जो वायरल हो रहा है जिसको लेकर तहसील कोराव में सोमवार से ही एसडीएम कोराव आकांक्षा सिंह के मनमानी रवैए के विरुद्ध चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल शुक्रवार को भी एसडीएम विरोधी नारेबाजी के साथ जारी रही। एसडीएम कोराव आकांक्षा सिंह जैसे ही शुक्रवार को तहसील सभागार में पहुंची, लामबंद अधिवक्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की।

## विमान हादसा : सांसद, विधायक ने जताया दुःख

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार से की हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट की दुर्घटना पर सांसद,विधायक समेत नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यन्त दुखदायी राष्ट्रीय त्रासदी बताया। मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। केंद्र सरकार इस विमान दुर्घटना की सूक्ष्मतम व उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है। कहा कि विमान दुर्घटना की तकनीकी जांच होनी चाहिए। विमानों के रखरखाव और मनमाने किराये की वृद्धि पर सांसदों की भी चिन्ता को मददेनजर रखते हुए अहमदाबाद विमान हादसे की तकनीकी जांच आवश्यक है। सांसद प्रतापगढ़ डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि अहमदाबाद हुए विमान हादसे से मन आहत है। हृदय विदारक हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

### संगम क्षेत्र में पिकप पलटी, 18 घायल

**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में पिकअप सवार स्नानार्थियों की गाड़ी पलट गई जिसमें सवार 18 स्नानार्थी घायल हो गए है। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। एक स्नानार्थी की हालत गंभीर बनी हुई है उसको वेंटिलेटर पर रखा गया है, शेष 17 घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मध्य प्रदेश के टीकम गढ़ से स्नान के लिए स्नानार्थी संगम आये हुए थे।

### महाराजा जय सिंह सिसोदिया का व्यक्तित्व अविस्मरणीय : प्रमोद

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी गुरूवार की देर शाम कालाकांकर राजभवन पहुंचे। उन्होनें पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह के पति महाराजा जय सिंह सिसोदिया के हाल ही में आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह व उनके पुत्र युवराज भुवन्यू सिंह से मिलकर पारिवारिक संवेदना प्रकट की। कहा कि महाराज जय सिंह सिसोदिया का शालीन एवं संस्कारित तथा विनम्र व्यक्तित्व सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र,प्रधान कुंवर मनीष सिंह आदि रहे। शुक्रवार को कौशांबी के पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर कालाकांकर राजभवन पहुंचे। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर शोक सम्वेदना व्यक्त की।

**आवश्यकता है**
**माधुरी सिंह महाविद्यालय**
आदमपुर साण्डी- हरदोई
(सम्बद्ध-लखनऊ विश्व विद्यालय, लखनऊ)
परास्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय हेतु
**सहायक आचार्यों की**
हिन्दी - 02 पद, समाजशास्त्र- 02 पद, भूगोल- 02 पद, जन्तु विज्ञान - 02 पद, भौतिक विज्ञान - 02 पद, गणित- 02 पद,
**योग्यता एवं वेतनमान** - यू.जी.सी. तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार होगें।-
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 1 सप्ताह में महाविद्यालय के पते पर भेंजे ।
**प्रबन्धक**
**अमित कुमार**
मो0-9919440000

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं राम गोपाल पुत्र रघुराज, निवासी- ग्राम रामगढ़ा, मजरा-कठवारा, थाना व तहसील-बख्शी का तालाब, जिला-लखनऊ। मेरा पुत्र राजकुमार पुत्र राम गोपाल बहुत ही नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा आये दिन मुझसे व परिवार के सदस्यों से मारपीट- लड़ाई, झगड़ा किया करता है, उक्त कृत्य में मेरी पुत्रवधू वैष्णवी पत्नी राजकुमार भी पुत्र का साथ देती है। अतः मैं अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र राजकुमार व पुत्रवधू वैष्णवी को उनके कृत्यों से तंग आकर बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र द्वारा अगर कोई भी असामाजिक कृत्य किया जाता है व किसी भी प्रकार का अपराध करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी इनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, निवासी-फूलबाग कालोनी, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ** का हूँ, मेरी पुत्री सृष्टि कश्यप है, जिसकी जन्म तिथि 15/11/2010 है। मेरी पुत्री की टी.सी. में उसका नाम त्रुटिवश सृष्टि (Sristi) अंकित हो गया है, क्योंकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका नाम सृष्टि (Sristi) ही अंकित था, जब कि उसका पूरा एवं वास्तविक नाम सृष्टि कश्यप (Shristi Kashyap) है। यह कि सृष्टि व सृष्टि कश्यप दोनों एक ही महिला अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन ठीक नहीं है। उसे हम अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अवधेश पुत्र आदित्य प्रसाद व संगीता पत्नी अवधेश निवासी चौदहा मेटुकहा थाना कटरा बाजार तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**


**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी संगीता का चाल चलन व्यवहार सही न होने कारण सभी प्रकार के पारिवारिक संबध विच्छेद कर दिए है। उन लोगो द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी व मेरे अन्य परिजन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **मातादीन पुत्र गंगादीन निवासी हरिहरपुर डेरा थाना तिर्वा जन. कन्नौज**

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र अमित ऊर्फ बउआ का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए। अब उसके द्वारा किए गए किसी कार्य से मेरी व मेरे परिजनो की नही होगी। वह अपने सभी कार्य का स्वंय जिम्मेदार होगा। - **सुरेंद्र कुमार पुत्र गंगाचरन निवासी सिमुआंपुर थाना ठठिया जन. कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्यामसुन्दर साहू पुत्र शिवसहाय निवासी म0न0 4/10/22 साहबगंज थाना कोतवाली नगर तहसील सदर, जिला अयोध्या** मेरा तीसरे नम्बर का पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीती साहू का आचार विचार व व्यवहार मेरे व अन्य परिजनों के प्रति काफी कूरतापूर्ण रहा है वह मुझे तथा अन्य परिजनों को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते है मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। अतः अपने उक्त पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीति साहू के कूरता पूर्ण आचार व्यवहार से व्यथित होकर दोनों लोगों को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। अगर वह लोग मेरी चल व अचल सम्पत्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन अथवा कोई लिखा पढ़ी करते है तो शून्य समझा जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथी के पुत्र रितेश साहू व बहू प्रीती साहू की होगी मेरा कोई लेना देना नहीं होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं सरोज द्विवेदी पत्नी रविंद्र कुमार द्विवेदी, निवासी- 68 मो.रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या मै. अवध होटल ग्राम माझा बरहटा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में साझेदार थी। व्यक्तिगत कारणों से अवध होटल से स्वेच्छा से दिनांक 10 जून 2025 से अलग हो गई हूं एवं श्रीमती सोनपती देवी पत्नी ज्ञानचंद द्विवेदी निवासी-68 मो. रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या उपरोक्त फर्म की एक अन्य साझीदार थी जिनका निधन दिनांक 8 मई 2021 हो गया है। हम उपरोक्त दो साझीदारों का कोई अंश उक्त अवध होटल से बकाया नहीं है।






## एक नजर

### मामूली विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : बिजली का तार खींचने के विवाद में दबंगों ने एक महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रीवा रतनपुर की अनीता पत्नी उमेश ने शिकायत में आरोप लगाया है कि पड़ोसी सुशील और उसकी पत्नी मधुमिता ने तार खींचने को लेकर पहले गाली-गलौज की और फिर डंडों से हमला कर दिया।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : थाना कुर्सी पुलिस ने शुक्रवार को भादवि व पॉक्सो एक्ट में वांछित अजीत निवासी मानपुर लाला थाना बख्शी का तालाब, लखनऊ को पड़री मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

### स्कूल की टूटी चहारदीवारी बनवाने की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : सालपुर में शुक्रवार रात बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गईई। ग्रामीणों ने विद्यालय की टूटी चाहरदीवारी बनवाने की मांग की। इस पर बीडीओ ने प्रधान व सचिव को आगामी कार्य योजना में शामिल कर निर्माण कराने के निर्देश दिए।

# समय से पूर्व पूरे करें बाढ़ से बचाव के कार्य

## डीएम ने एसपी के साथ हेतमापुर व चहलारीघाट का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले में संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने तहसील रामनगर के विभिन्न संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों का दौरा कर सुरक्षा, राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

उनके साथ एसपी अर्पित विजयवर्गीय, सीडीओ अन्ना सुदन, संयुक्त मजिस्ट्रेट तेजस के., एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव, बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह आदि मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत हेतमापुर से हुई, जहां बाढ़ की स्थिति में विस्थापित होने वाले ग्रामीणों के लिए शरणालय का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता, पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्राथमिक चिकित्सा, महिलाओं व बच्चों की सुविधा सहित सभी बिंदुओं की जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने सरयू नदी के किनारे हेतमापुर व बबुरी (सरसंडा) के कटाव प्रभावित स्थलों का दौरा किया। उन्होंने कटान की गंभीरता को देखते हुए बाढ़ खंड के अभियंताओं से तत्कालिक समाधान व सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बाढ़ के समय की परेशानियों से अवगत कराया, जिस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि इस बार हर जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बोल्डर बिछाव, जियोबैग व ब्रेसिंग उपाय अपनाने के निर्देश दिए।

### ग्रामीणों को दिया भरोसा-समय रहते पूरे होंगे सारे इंतजाम

निरीक्षण के अगले चरण में जिलाधिकारी ने चहलारीघाट-गणेशपुर तटबंध के किमी 43.414 से 43.740 तक चल रहे कटाव-रोधी एवं रिवेटमेंट कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानसून से पहले अनिवार्य रूप से पूरे कर लिए जाएं। ग्राम कुसौरा में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है और किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि यह तटबंध लगभग 8250 की आबादी और 7622 हेक्टेयर कृषि भूमि को सुरक्षा प्रदान करेगा। निर्माण में बहुस्तरीय संरचनात्मक तकनीक जैसे स्टोन बोल्डर, जियोबैग, जियोफेब्रिक और बांस ब्रेसिंग का उपयोग किया जा रहा है।

# घर के अंदर मिला प्रवक्ता का शव

गुत्थी उलझी

- राजकीय इंटर कॉलेज अहमदपुर में थी तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : विकास भवन के निकट किराए के कमरे में रह रहे सरकारी कालेज के प्रवक्ता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पड़ा मिला। घर से बदबू उठने पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की तो शव दो दिन से कमरे में पड़े होने की पुष्टि हुई। पुलिस हार्ट अटैक से मौत की संभावना जता रही। वहीं पास पड़ोस के लोगों के अनुसार प्रवक्ता शराब का अत्यधिक सेवन करते थे।

जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र में विकास भवन के निकट तारा टिम्बर स्टोर के सामने किराए के घर में रह रहे इन्द्रेश यादव (43) पुत्र रामप्रीत यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इन्द्रेश जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर स्थित राजकीय इंटर कालेज में इतिहास विषय के प्रवक्ता के पद पर तैनात थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन से इन्द्रेश को घर से बाहर नहीं देखा गया, वहीं गुरुवार को घर का दरवाजा खटखटाने के बाद भी इन्द्रेश दूध लेने बाहर नहीं आए। यही हाल शुक्रवार को भी रहा। शक होने पर पड़ोसियों ने घर की छत पर जाकर देखा तो इन्द्रेश मृत अवस्था में घर में पड़े मिले। वहीं घर से बदबू भी उठ रही थी। इस खबर से आस पास हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाकर शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ भी की। बताया जा रहा कि इन्द्रेश मूल रूप से आजमगढ़ के थाना अतरौलिया के ग्राम बनवारी पट्टी सेनपुर के रहने वाले थे। इनके पिता रामप्रीत हेड मास्टर पद से रिटायर हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन्द्रेश का परिवार उनके साथ नहीं, बल्कि गांव में रहता है। इंद्रेश अत्यधिक शराब का सेवन करता था। वहीं शहर कोतवाल रामकिशन राना ने बताया कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। हार्ट अटैक पड़ने से मौत की संभावना है। पीएम रिपोर्ट से सही वजह सामने आएगी।

# स्टाफ नर्स से ड्यूटी के दौरान छेड़छाड़

संवाददाता, जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक सीएचसी में तैनात महिला स्टाफ नर्स ने ड्यूटी के दौरान छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। नर्स का आरोप है कि सीएचसी पर तैनात एक डाक्टर के कहने पर घटना हुई है। पुलिस ने नर्स की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना गुरुवार की मध्यरात्रि के बाद की है। एक सीएचसी पर तैनात स्टाफ नर्स ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ड्यूटी रूम में वार्ड आया के साथ आराम कर रही थी। अस्पताल में तैनात वार्ड बॉय शराब के नशे में धुत होकर ड्यूटी रूम में घुसा और स्टाफ नर्स से छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध किया और चिल्लाने की कोशिश की, तो वार्ड ब्वाय ने उनका मुंह दबाने की कोशिश की। किसी तरह उसने धक्का देकर दूर किया और शोर मचाया। इस पर पास में लेटी वार्ड आया भी जाग गई। यह भी आरोप है कि यह घटना पूर्व नियोजित साजिश के तहत कराई गई, जिसमें सीएचसी में तैनात एक डाक्टर का भी हाथ है। पीड़िता का कहना है कि डाक्टर पूर्व में भी उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे हैं और उन्हें कई बार धमकी दे चुके हैं। पुलिस तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 9 हजार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र में जालसाजों ने एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 9 हजार रुपये निकाल लिये। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे मुबारकपुर निवासी जैल सिंह वर्मा भानमऊ स्थित एक एटीएम से पैसे निकालने गए थे। जैल सिंह जैसे ही एटीएम में पहुंचे, वहां पहले से एक अज्ञात व्यक्ति मौजूद था। उसने जैल सिंह से कहा कि पहले आप पैसा निकाल लीजिए। जैल सिंह के अनुसार, वह जैसे ही एटीएम इस्तेमाल करने लगे, उस अज्ञात व्यक्ति ने चालाकी से उनका एटीएम कार्ड लेकर अपनी शर्ट में रगड़ते हुए बदल दिया और दूसरा कार्ड वापस कर दिया। कुछ देर बाद जैल सिंह के मोबाइल पर बैंक से रुपये निकाले जाने के मैसेज आया। उनके खाते से 2,000 रुपये और फिर 7,000 रुपये कुल 9,000 रुपये निकाल लिए गए थे। जब उन्होंने एटीएम कार्ड देखा तो उन्हें पता चला कि उनका कार्ड बदला जा चुका है। जैल सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति जो एटीएम कार्ड देकर गया था, वह उनके पास है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रंजिश में पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : थाना बदोसरांय क्षेत्र अंतर्गत किन्तूर में एक किसान व उसके पुत्र पर रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया।

11 जून की रात किन्तूर निवासी जयसिंह यादव पुत्र बलराम के साथ खेत की सिंचाई कर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी बाबा वर्मा, छोटेलाल वर्मा तथा लल्ला वर्मा ने उन्हें रोक लिया और लाठी-डंडों व भाले से हमला कर दिया। इस हमले में बाबा वर्मा ने जयसिंह के सिर में भाला मार दिया, जिससे वह वहीं गिर पड़े। इसके बाद बलराम यादव को भी लाठी-डंडों से पीटा गया। ग्रामीण मौके पर दौड़े, तब हमलावर भाग निकले।

# चोरी के तीन वाहन के साथ दो बंदी

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के तीन वाहन बरामद किये।

पुलिस ने हरिओम, राजितराम को अईमाहार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की 2 मोटरसाइकिल व एक एक्टिवा व 700 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि शातिरों का एक गैंग है जो वाहन चोरी करता है। इन लोगों ने करीब 2 वर्ष पूर्व थाना देवा के भेडहापुर मजरे जोलिया बनारसपुर से मोटरसाइकिल चोरी स्वीकार की। अन्य मोटर साइकिल व एक्टिवा को लखनऊ से चोरी करना स्वीकार किया।


चोरी के वाहन के साथ गिरफ्तार आरोपी। अमृत विचार

### लूट का मोबाइल फोन व नकदी समेत दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : कोतवाली नगर पुलिस ने लूट व चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से लूट का मोबाइल फोन व नकदी, तमंचा एवं घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। पुलिस ने लूट व चोरी की तीन घटनाओं में प्रकाश में आए 2 आरोपियों अंश मिश्रा उर्फ राज मिश्रा व मोहम्मद असलम को बाबा मक्कादास कुटी के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से लूट का एक मोबाइल, 520 रुपये नकद, एक तमंचा व चोरी की बाइक मिली।

# लेखपालों ने बांह पर काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** महिला चकबंदी लेखपाल से छेड़छाड़ के आरोपी अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के महामंत्री के खिलाफ लेखपालों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी और वकालत लाइसेंस निरस्तीकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को जिले भर में लेखपालों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।


प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार

गत 9 जून को हैदरगढ़ तहसील में कोर्ट पर मौजूद महिला चकबंदी लेखपाल ने तहसील बार महामंत्री सुनील त्रिवेदी पर दरवाजा बंद कर छेड़छाड़ करने व दो घंटे बाद फिर पहुंचकर कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण का हवाला देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत पर कोतवाली हैदरगढ़ में एफआईआर दर्ज की गई। इस क्रम में शुक्रवार को पीड़िता का बयान न्यायालय में दर्ज कराया गया। विरोध स्वरूप शुक्रवार को जिले भर के राजस्व और चकबंदी लेखपालों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्यस्थलों पर विरोध प्रदर्शन किया। लेखपाल संघ ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़िता को शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो बेमियादी धरना दिया जाएगा।

संघ के महामंत्री सतेंद्र तिवारी ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अधिवक्ता हमारे सहयोगी हैं, और आशा करते हैं कि वे भी इस मामले में न्याय के पक्ष में खड़े होंगे। पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। लेखपालों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, वकालत लाइसेंस निरस्तीकरण और बार एसोसिएशन से निष्कासन की मांग की है।

# गैर इरादतन हत्या में 9 दोषियों को 7-7 वर्ष की कठोर कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने गैरइरादतन हत्या की घटना से सम्बन्धित 9 अभियुक्तों को 7-7 वर्ष कठोर कारावास व प्रत्येक को 78 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

थाना कोतवाली नगर पर गैरइरादतन हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित सोनेलाल, विजय, सीताराम, नन्दरानी, राजेश, अमरीश, संजीव, हनुमान, अर्जुन निवासी पासिन पुरवा थाना कोतवाली नगर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने दोषसिद्ध करार दिया और 7-7 वर्ष कठोर कारावास व प्रत्येक को 78 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान एक अभियुक्त की मौत हो गई थी। वही सभी को धारा 325 में दोषमुक्त कर दिया गया। 27 जून 2013 को राममिलन ने सभी दस अभियुक्तों के विरुद्ध पिता को मारने-पीटने के दौरान मौत हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण


परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने का निर्देश दिया।

### पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर व भंडारे का आयोजन


प्रसाद वितरित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा के पिता राजकुमार शर्मा व एमएलसी।

**हैदरगढ़, बराबंकी, अमृत विचार** : नरौली गांव में अधिवक्ता शिवानंद मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके भाइयों द्वारा विशाल सेवा सहायता शिविर, स्वास्थ्य मेला एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर में हीलिंक हॉस्पिटल, लोहिया अस्पताल और केजीएमयू के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 325 मरीजों की नि:शुल्क जांच, परामर्श और दवा वितरित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने स्व. मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के पिता राजकुमार शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. राम बहादुर मिश्रा ने की। शिविर में लोहिया अस्पताल एवं केजीएमयू के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह, डॉ. गोविंद पांडेय, डॉ. फिरोज, डॉ. नेहा साहू और डॉ. शेखर गुप्ता ने सेवाएं दीं। पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। समाजसेवी मयंक ओझा, रत्नेश कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। एमएलसी अंगद सिंह ने आयोजन को प्रेरणास्रोत बताते हुए आयोजकों दिनेश, बृजेश और आलोक मिश्र के प्रयासों की सराहना की।

### ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर होंगे योग कार्यक्रम

**बाराबंकी, अमृत विचार** : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से योग सप्ताह का आयोजन होगा। जिला आयुष विभाग की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर किया जाएगा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने योग सप्ताह और 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष योग की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' रखी गई है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव और जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के सभी राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सालयों में तैनात चिकित्साधिकारी और योग प्रशिक्षक योग शिविर लगा रहे हैं। कमला नेहरू पार्क, उम्मीद किरन स्पेशल स्कूल, जिला संप्रेक्षण गृह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर डायट, कपिल मुनि आश्रम पल्हरी, अटल पार्क और केडी सिंह बाबू स्टेडियम में योग शिविर चल रहे हैं। योग प्रशिक्षक लोगों को आयुष मिशन उत्तर प्रदेश की योग पुस्तिका वितरित कर रहे हैं और उन्हें दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### बीडीओ ने गौ आश्रय स्थल थाल खुर्द का किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : ग्राम थाल खुर्द स्थित गौ आश्रय स्थल का खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने साफ-सफाई, पेयजल, पशुओं के चिकित्सा प्रबंध, भूसे और हरे चारे की उपलब्धता, पशु आहार, शेड निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने मौजूद केयरटेकर को लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई और नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ स्वयं दो घंटे तक रुककर सफाई कार्य करवाते रहे और एक दर्जन अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। निर्माणाधीन पानी टंकी, चरही, भूसा भंडारण और टिन शेड कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। हरे चारे व पशु आहार की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही सचिव विनीत राय को केयरटेकरों की संख्या बढ़ाने व सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### युवती से दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : मंदिर में विवाह के बाद युवती से दुष्कर्म करने के दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों को जेल भेज दिया गया है। एक युवती को बहाने से दो युवक भगाकर लखनऊ ले गए। वहां पर एक युवक ने पहले मंदिर में शादी रचाई फिर एक जगह पर ले जाकर सामूहिक दुराचार किया। परिजनों ने मोबाइल की लोकेशन के सहारे युवती का पता लगाया। पुलिस ने आरोपी अशोक रावत निवासी अहिरगांव थाना सुबेहा व आकाश कश्यप निवासी रहीमापुर, इन्हौना अमेठी को सुल्तानपुर-लखनऊ हाईवे के ग्राम चौबीसी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : शुक्रवार को नगर पंचायत के धरौली वार्ड में जमीन पर ईंटे बिछाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट की इस घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनो को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर लाया गया। धरौली वार्ड की रहने वाली उषा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घर के ठीक सामने जमीन पर ईंटें बिछा रखी थीं। इसी दौरान पड़ोसियों द्वारा ईटों को जबरन हटा दिया गया। जब उनके पति हरिद्वार ने ईंट हटाने के बारे में पूछा तो उन लोगों ने पुत्री कोमल और पति की लाठी डंडे से पिटाई कर दी।

उपलबधि

एसएसएचपी के तहत आज जाएगी जापान, डीआईओएस, बीएसए, रोटरी क्लब ने किया सम्मानित

# झोपड़ी से जापान तक, बाल वैज्ञानिक पूजा ने रचा इतिहास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सिरौलीगौसपुर ब्लाक के अगेहरा की बाल वैज्ञानिक पूजा को भारत सरकार द्वारा संचालित 'सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम' के तहत 14 से 21 जून तक एक सप्ताह की जापान यात्रा पर भेजा जा रहा है। पूजा की फ्लाइट नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज शाम रवाना होगी। इससे पहले दिल्ली स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में पूजा समेत देशभर से चयनित 54 विद्यार्थियों का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस यात्रा के दौरान पूजा अन्य भारतीय छात्रों के जापान के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और संस्कृति का अनुभव करेगी। पूजा वर्तमान में जगदीशचंद्र फतेहराय इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। पूजा ने कक्षा 8 में एक अनोखा 'धूल रहित थ्रेशर' मॉडल बनाया था। इस मॉडल को पहले जिला, फिर राज्य और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। पूजा की इस वैज्ञानिक सोच के पीछे उनके मार्गदर्शक शिक्षक राजीव श्रीवास्तव का योगदान रहा। पूजा के पिता पुत्तीलाल मजदूरी करते हैं और मां सुनीला रसोइया है जहां पूजा पढ़ती थी। पूजा के जापान रवाना होने से पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, बीएसए संतोष कुमारदेव पाण्डेय, बाराबंकी रोटरी क्लब और अन्य शिक्षक संगठनों ने सम्मानित किया। गाइड टीचर राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षक फूल मालाओं से लादकर पूजा को धूमधाम से बाराबंकी से लखनऊ लेकर गये। इस दौरान शिक्षक सुनील कुमार, संतोष वर्मा, सुभाष तिवारी, गंगा सरन, नीरज श्रीवास्तव, विनय वर्मा, विवेक गुप्ता, अशोक शुक्ला, सत्य प्रकाश कनौजिया, पंकज श्रीवास्तव और प्रभान प्रतिनिधि अनिल वर्मा व पूजा के माता-पिता शामिल रहे।


पूजा को लखनऊ तक लेकर जाते गाइड टीचर राजीव व अन्य शिक्षक।



पूजा को सम्मानित करते डीआईओएस। अमृत विचार

# युवक के सामने ही बाइक चोरी कर भाग निकले शातिर

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नईमऊ में दिनदहाड़े युवक की आंखों के सामने ही चोर बाइक ले उड़े।

ग्राम नईमऊ निवासी सर्वेश यादव पुत्र राम प्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से काम के सिलसिले में निकला था। शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे वह नईमऊ गांव के बाहर इंदिरा नहर किनारे पटरी पर बाइक खड़ी करके किसी से बातचीत कर रहा था। इसी बीच अचानक तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और बिना कुछ कहे उनकी बाइक में चाबी लगाकर तेज़ी से माती की ओर भाग निकले।

सर्वेश यादव ने तुरंत बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन तब तक चोर बाइक लेकर फरार हो चुके थे। उसने बताया कि बाइक के साथ उसके सभी जरूरी कागजात भी मौजूद थे। पीड़ित ने चोरों की जानकारी के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित ने देवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। माती चौकी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# बदमाशों ने शराब दुकान के सेल्समैन को मारी गोली

## पिसावां थानाक्षेत्र के भकुरहा पुल के करीब का है मामला, बदमाशों ने लाठी- डण्डे से भी किया हमला, ट्रामा सेंटर रेफर

दुस्साहस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** लूटपाट की नियत से शराब की दुकान के सेल्समैन पर जानलेवा हमला हुआ। लाठी-डण्डे से प्रहार कर बदमाशों ने उसे गोली मार दी। चीख पुकार के बीच बदमाश मौके से फरार हो गए। पिसावां थानाक्षेत्र के भकुरहा पुल के नजदीक हुई वारदात में घायल सेल्समैन को गंभीर अवस्था में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पिसावां थानाक्षेत्र में भकुरहा पुल के नजदीक देशी शराब की दुकान है। इसी के दुकान पर सेल्समैन व इलाके का तेंदुआ निवासी पंकज पुत्र ज्ञान प्रकाश कार्यरत है।

गांव के ही गंगाराम राठौर की चाय की दुकान है। रोज की तरह दुकान बंद कर पंकज और गंगाराम बाइक से घर जा रहे थे। कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने डंडा मारकर रोक लिया। बाइक से गिरते ही सेल्समैन पर बदमाश टूट पड़े। ऐसे में दोनों की चीख पुकार शुरू कर दी। आवाज सुनते ही राहगीर रुकने लगे और ग्रामीण भी दौड़ पड़े। ऐसे में बदमाशों ने पंकज के गोली मार दी।

गोली पंकज के पेट में लगी, जिससे वो गिरकर सड़क पर तड़पने लगे। भीड़ बढ़ती देख बदमाश फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। अफरातफरी के बीच घायल पंकज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बिगड़ी हालत देख उसे चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना को लेकर गंगाराम ने थाने पर तहरीर दी। पिसावां थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया है कि अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल घायल का उपचार लखनऊ ट्रामा सेंटर में होनी की सूचना है।

### तंबौर के कायस्थन टोला में दबंगों ने किशोर को घर बुलाकर मार दी गोली

**तंबौर, अमृत विचार :** पानी लेने गए किशोर को घर पर बुलाया। फिर ऐसा खेल खेला कि किशोर की जान पर बन आई, आरोप है कि दबंगों ने घर बुलाकर गोली मार दी, फिर फरार हो गए। तमंचे से चली गोली पेट में लगने के बाद गंभीर रूप से घायल को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मामला तंबौर कस्बा स्थित कायस्थन टोला का है।तंबौर थानाक्षेत्र के कस्बा स्थित कायस्थन टोला निवासी सुहैल (16) पुत्र शब्बू देर शाम घर से निकला था। मां रुखसाना के मुताबिक, उसका पुत्र दुकान पर पीने के पानी की बोतल लेने गया था। यहीं पर उसे जीशान पुत्र गुड्डू व आदिल पुत्र मुनीर मिल गए। आरोप है कि जीशान अपने घर पर सुहैल को बुलाकर ले गया। यहां खेल- खेल में उसने तमंचा निकाला और फिर लहराते हुए गोली चला दी। गोली सुहैल के पेट में धंस गई, फायर की आवाज सुनकर अफरातफरी मच गई। आरोपी जीशान और आदिल मौके से फरार हो गए। सुहैल को परिजनों ने गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में भर्ती कराया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। उधर, गंभीर प्रकरण में इलाका पुलिस ने किशोर के बयान दर्ज किये। इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में घायल किशोर सुहैल की मां रुखसाना की तहरीर पर जीशान और आदिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी युवक अपने- अपने घरों से फरार हैं।



सीएचसी में भर्ती किशोर का बयान लेती पुलिस।

## सार-संक्षेप

### अपर जिला जज ने किया जेल का साप्ताहिक निरीक्षण



बंदियों से संवाद करते अपर जिला जज। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जेल का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व अपर जिला जज/सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने किया। पाकशाला, महिला बैरक,किशोर बैरक, लीगल एड क्लीनिक एवं जेल अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना, हालांकि किसी बंदी ने किसी विशेष समस्या की शिकायत नहीं की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर अरविन्द श्रीवास्तव, जेल स्टाफ के अन्य सदस्य एवं लिपिक रितिकेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### स्थानांतरण पर पुलिस लाइन में सीओ को दी गयी विदाई

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह क्षेत्राधिकारी लहरपुर के कमिश्नरेट लखनऊ स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। यहां पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें विदाई दी। समारोह में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, क्षेत्राधिकारी महोली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सीओ को गणेशजी की मूर्ति देते एसपी।

### गोंडा रवाना होने से पूर्व शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना




पत्थर शिवाला में मौजूद एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन गोंडा में आयोजित हो रहा है। ऐसे में विभाग की ओर से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का एक दल बिसवां से रवाना हुआ। यात्रा आरंभ होने से पहले पथर शिवाला मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान देवेश, पूर्णिमा, अमन अवस्थी, रुपेश सहित अन्य सम्मिलित रहे।

# मुकदमा दर्ज होने पर बिफरा संगठन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** ताकिया और इमिलिया मोहल्ले के युवकों पर तिलकापुर वार्ड के परिवारों से मारपीट और महिलाओं के साथ अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप लगा है। शुक्रवार को पीड़ितों ने पालिका के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अम्बरीश गुप्ता के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि गत 23 अप्रैल को हुई मारपीट की घटना की रिपोर्ट थाना महमूदाबाद में दर्ज कराई गई थी। लेकिन इसके बाद आरोपित पक्ष ने 10 जून को पीड़ितों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। मांग की कि फर्जी मुकदमें को समाप्त कराया जाए और झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान शिव, विनय, राजेश्वरी, सरोज देवी समेत अन्य मौजूद रहे।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**हिंदू संगठनों के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ था केस :** संगठन का दावा है कि तिलकापुर और ताकिया में दो पक्षों में रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि कि 23 अप्रैल को ताकिया के युवक अमीर हसन, रसूल, समीर और अन्य ने एकजुट होकर तिलकापुर निवासी युवकों से मारपीट की थी, जिसकी एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप है कि इसके बाद विपक्षियों ने 10 जून को उल्टा एक फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया।

# चिंगारी से लगी आग गृहस्थी का सामान खाक

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** तालगांव इलाके की ग्राम पंचायत मझिगवां के मजरा नंदपुरवा में घर में आग लग गई। तेज हवाओं की उठती लपटों की चपेट में गृहस्थी का सामान जल गया। आग से जनहानि की खबर नहीं है।

बताया जाता है कि तालगांव थाना क्षेत्र के नंदपुरवा में रवीन्द्र पुत्र मनोहर के घर पर खाना बन रहा था। इसी दौरान उठी चिंगारी ने लपटों का रूप ले लिया। तेज आग की चपेट में एक-एक कर गृहस्थी जलने लगी। छप्पर भी चपेट में आ गया। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि ग्रामीणों ने निजी संसाधनों की मदद से बढ़ती आग पर काबू पाया। लेखपाल ने मौका मुआय0ना किया है। पीड़ित पक्ष ने दो लाख से अधिक गृहस्थी के नुकसान होने की बात बताई है।



घर के बाहर खड़ा ग्रामीण।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डिजिटल सेवाओं में आ रही बाधाओं को लेकर मुख्यालय पर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। बाद में कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बताते हैं कि शासन की ओर से दिए गए मोबाइल में नेटवर्कों की बाधा है। इनके सहारे केवाईसी और चेहरे की पहचान और आंकलन की व्यवस्था बाधित हो रही है। ऐसे में कार्यों में विलंब हो रहा है। जिसको लेकर समस्या बढ़ गई है। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकत्रियों ने दावा किया कि बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं के आधार और मोबाइल नंबर अपडेट न होने से भी पंजीकरण में समस्या आ रही है। कई लाभार्थी परिवारों के पास स्मार्टफोन भी नहीं है। जनपद के 60 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुरानी व्यवस्था से राशन सामग्री का वितरण हो चुका है। फिर भी विभाग कार्यकत्रियों को सेवा समाप्त करने की धमकी दे रहा है। कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को संबोधित पत्र में समाधान की मांग की है।



धरनास्थल पर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

## कांग्रेस नेत्री से मिले कार्यकर्ता

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस सदस्य सूबी खान के साथ पारिवारिक जमीन बंटवारे को लेकर हुई मारपीट की घटना के बाद कांग्रेस नेताओं ने उनसे मुलाकात की।

इस दौरान शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कांग्रेस नेत्री सूबी खान को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी हर समय उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मिलकर उनका साथ देंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष आमोद मिश्र, नरेश चंद्र गौड़, रजनीश मिश्रा, हरीश वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेड़ से लटकता मिला ग्रामीण का शव

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली तहसील क्षेत्र के लहूरियान गांव में ग्रामीण का शव पेड़ में लटका हुआ मिला। परिवार ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताते हैं कि 40 वर्षीय संतोष घर से निकलकर लापता हो गया था। बाद में उसका शव पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## किसान निःशुल्क बीजों का उठाएं लाभ : डॉ. सचिन

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बेरसापुर में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें पांच ग्राम पंचायतों के किसान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था की आंकाक्षा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने पर फसल के नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। डॉ. सचिन तोमर ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में उड़द, अरहर और तिल्ली का बीज निःशुल्क मिलेगा। इसका लाभ लेने के लिए किसानों को आधार कार्ड और दो फोटो लाने होंगे। बताया कि खेतों की मिट्टी की जांच भी करवाई जा सकती है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर**

E-mail Id- eecd3nk1@gmail.com

पत्रांक : 1284/4ए/2025-26 दिनांक : 05.06.2025

राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए,बी,सी एवं डी क्लास में (जैसा लागू हो) मार्ग कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारों से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह अर्हता के सम्बन्ध में नियम व शर्तो से अवगत हो ले।

| क्र0 सं0 | जनपद | मार्ग का नाम | निविदा की लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सुलतानपुर | विकास खण्ड बल्दीराय के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 2 | सुलतानपुर | विकास खण्ड धनपतगंज के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 3 | सुलतानपुर | विकास खण्ड कुड़वार के अन्तर्गत हॉट मिक्स प्लांट द्वारा विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 4 | सुलतानपुर | विकास खण्ड भदैया के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 5 | सुलतानपुर | विकास खण्ड लम्भुआ के अन्तर्गत हॉट मिक्स प्लांट द्वारा विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 6 | सुलतानपुर | विकास खण्ड पी0पी0 कमैचा के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |

निविदा आनलाईन दिनांक 16.06.2025 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 25.06.2025 की दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा सम्बन्धी सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP-234840 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(रविन्द्र सिंह आर्य)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर


# 24 घंटों में चार लोगों की अस्वाभाविक मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बीते 24 घंटो में चार लोगों की अस्वाभाविक मौत हो गई। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, पेचरूवा में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव रेलवे क्रासिंग पर पड़ा मिला। शव की शिनाख्त गोंडा केनवाबगंज थाना अंतर्गत साखीपुर निवासी अरविंद कुमार सिंह के रूप में हुई। आशंका यह जताई जा रही कि गुरुवार मध्य रात किसी ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम करन्द के निकट ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। शव की पहचान बिहार प्रांत निवासी धर्मेंद्र के रूप में हुई है। गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे सफदरगंज के प्यारेपुर निवासी 25 वर्षीय बरातीलाल का शव गांव के बाहर स्थित पानी टंकी परिसर में पड़ा मिला। मुख्यालय रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षा कक्ष में एक अज्ञात यात्री बदहाल दशा में मिला। जिला अस्पताल ले जात समय उसकी मौत हो गयी

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे भिखरा गांव स्थित निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार चौबीसी गांव निवासी मान मौर्य (45) पुत्र गुरु सेवक और राजाराम तिवारी (75) पुत्र स्व. रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजाराम तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सिर में गंभीर चोट के चलते मान मौर्य को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार, थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बड़ागांव निवासी रईस पुत्र शमशुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एक अन्य घटना शुक्रवार की सुबह हैदरगढ़ तहसील के सामने लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर हुई। थाना सुबेहा के पूरे मल्लाहन गांव निवासी हरीराम पुत्र रामनाथ बाइक से जा रहे थे कि अचानक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हैदरगढ़ सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सीटी स्कैन हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। रामसनेही घाट प्रतिनिधि के अनुसार, भिटरिया-हैदरगढ़ राज्यमार्ग पर दयाराम पुरवा गांव के पास रायबरेली से अयोध्या की ओर जा रहा गिट्टी लदा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। डंपर से गिट्टी सड़क पर फैल गई, हालांकि हादसे के समय कोई अन्य वाहन न होने से बड़ा नुकसान टल गया। चालक व परिचालक मामूली रूप से घायल हो गए। संयोग से मौके पर गश्त कर रहे सीओ जटा शंकर मिश्र पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया।

कार्यक्रम — राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा के उत्थान पर हुई चर्चा

# पंजाबी भाषा की गिरती स्थिति पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल परास्नातक कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी एवं कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृतिः वर्तमान चुनौतियां एवं संभावनाएं रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी अकादमी के निदेशक ओम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

अकादमी के कार्यक्रम समन्वयक अरविन्द नारायण मिश्र भी मंच पर मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय स्तर पर पंजाबी भाषा की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि नगर में पर्याप्त पंजाबी भाषी जनसंख्या पाई जाती है, तो कॉलेज में पंजाबी विषय की पढ़ाई शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय, यूपी राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और इग्नू से प्रयास किए जाएंगे। वक्ताओं ने पंजाबी भाषा की गिरती स्थिति, डिजिटल युग की चुनौतियाँ और संस्कृति के संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला।

प्रो. विजय कुमार वर्मा ने पंजाबी साहित्य का ऐतिहासिक परिदृश्य प्रस्तुत किया, जबकि प्रो. रंजीत कौर ने वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक हालात की समीक्षा की। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सिंह ने राज्य सरकार द्वारा पंजाबी भाषा के संरक्षण हेतु चल रही पहलों की जानकारी दी और अकादमी की भूमिका स्पष्ट की। संगोष्ठी में कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अबरीश कुमार शास्त्री, प्रो. संतोष कुमार गौड़, प्रो. कृष्ण कांत चंद्रा, प्रो. सुनीता यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, नगर के कई पंजाबी समाज के गणमान्य नागरिक, शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनिल कुमार विश्वकर्मा ने किया और समापन पर कॉलेज की ओर से अकादमी का आभार व्यक्त किया गया।




मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य। अमृत विचार

## धर्म पथ पर चलना सिखाती है श्रीराम कथा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् 0भागवत कथा, संत सम्मेलन में मानस व्यास पं. रामशरण मिश्रा ने श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए सती अनुसुइया की कथा का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि श्री राम कथा हमें धर्म पर चलना सिखाती है। इस मौके पर कलाकारों ने प्रभु श्रीराम और हनुमंत लाल की सुंदर झांकियों का सजीव मंचन किया। श्री शतचंडी महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञमंडप की परिक्रमा की। इस मौके पर कथा व्यास पं. अखिलेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन किया। इस मौके पर ऋषि राज दिक्षित, दिसंबर दयाल दीक्षित, बराती लाल, विद्याधर मिश्र, शिव सागर मिश्रा, शिव पूजन आदि थे।


**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ - 3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की जवाहर विहार योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्रम संख्या | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन /फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम आवेदक (पिता / पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण /नामान्तरण /का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती बिन्देश्वरी देवी पत्नी स्व0 श्री श्याम बिहारी | भूखण्ड संख्या एच0आई0जी0 - 21 मानक क्षेत्रफल 200 वर्गमी0 | जवाहर विहार योजना | श्री रमेश दुबे पुत्र स्व0 श्याम बिहारी दुबे | म0नं0-484, 28/11 काशी डीह निकट मानसरोवर होटल के पास साकची पूर्वी सिंघभूम जनपद जमशेदपुर | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन / भूखण्ड के अन्तरण / नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता / सकती है अन्यथा स्तम्भ - 5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण / नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।

## एक नजर

### 60 ली शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला। प्रभावी कार्रवाई के तहत पांच आरोपी गिरफ्तार किये गए। इनके पास 60 लीटर अवैध शराब मिली है। थानगांव पुलिस ने समोलिया मजरा सरैया छतौना के रामप्रसाद को गिरफ्तार किया। सुजातपुर से रामू को पकड़ा गया। अनिल, दीपा देवी, सुरेन्द्र कुमार की भी अवैध शराब बनाने के आरोप में गिरफ्तारी हुई।

### खीरी निवासी सहित तीन वारण्टी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर सकरन, पिसावां और रामकोट में पुलिस ने कार्रवाई। तीन वारण्टियों को गिरफ्तार किया। सकरन पुलिस ने वांछित रमाशंकर पुत्र श्यामलाल, निवासी मोतीपुर थाना सकरन को गिरफ्तार किया। पिसावां पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित धरमू, निवासी ग्राम सरैंया, थाना मोहम्मदी, जनपद खीरी को गिरफ्तार किया। थाना रामकोट पुलिस द्वारा रामकोट पुलिस ने वारंटी अजीत कुमार मौर्या, निवासी ग्राम सिकटिहा, थाना रामकोट को गिरफ्तार किया।

### दिव्यांगजन चिह्नांकन शिविर 18 को

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकासखंड परिसर में आगामी 18 जून को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एक चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा ने बताया कि दिव्यांग जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उनके चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा निशुल्क योजनाओं का लाभ दिया जाना है। इस शिविर में दिव्यांग जनों का चिन्हांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार, फोटो और आय प्रमाण पत्र साथ में लेकर आए और योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### कूड़ा डालने को लेकर विवाद, दिव्यांग की पिटाई

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के बरेती जलालपुर गांव में दिव्यांग शिवदेवी पत्नी नरेंद्र कुमार वर्मा का आरोप लगाया है कि विपक्षी नरेंद्र, विनोद, अनिल, हिमांशु उसकी गली में कूड़ा करकट डाल रहे थे। इस बात को लेकर उसने विरोध किया तो विपक्षी गाली-गलौज पर आमादा हो गये। ऐसे में विपक्षियों ने जमकर मारा-पीटा। मारपीट में घायल दिव्यांग महिला थाने पहुंची और आपबीती बताई, पुलिस ने मेडिकल परीक्षण और उपचार कराकर रपट दर्ज की। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी गांव से फरार बताए जा रहे हैं।

### 10वीं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समय सरिणी जारी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासन द्वारा 10वीं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह योजना प्रदेश के मूल निवासी सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के उन छात्र-छात्राओं के लिए है जो इंटर के ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं।

### लुटेरों ने छीने गहने व पर्स

**सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली इलाका वासी सरस्वती पत्नी प्रदीप कुमार पति के साथ जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार लुटेरों ने बाइक लगाकर महिला का पर्स और मंगलसूत्र छीन कर बाइक सवार लुटेरे भाग निकले, हालांकि कुछ लोगों ने शातिरों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन सफल न हो सके। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# शारदा नदी में डूबे चार बच्चे, 2 की मौत

## तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव के घाट पर नहाने के लिए गए थे, पुलिस व गोताखोरों ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जनपद सीमा क्षेत्र से होकर गुजरी शारदा नदी में नहा रहे चार बच्चे गहरे पानी में समा गए। तट पर मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव के छोर पर बहती नदी से दो शव देर शाम निकाले गए, अन्य की तलाश में दोनों जनपदों की पुलिस देर रात तक मौजूद रही। मृतक और लापता बच्चे लखीमपुर खीरी जनपद के ईसानगर थानाक्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली गांव के रहने वाले हैं।

लखीमपुर खीरी के ईसानगर थानाक्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली निवासी अविनाश शुक्ला पुत्र विनोद शुक्ला, राहुल शुक्ला पुत्र गौतम शुक्ला, देवांश दीक्षित पुत्र दीपक दीक्षित और उत्कर्ष मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा शारदा नदी के दूसरी छोर पर नहाने के लिए आए थे। चारों बच्चे नहाते हुए नदी के गहरे पानी में समा गए। सभी को डूबता देख चीख-पुकार मच गई।



शारदा नदी के किनारे खड़े खीरी निवासी ग्रामीण। अमृत विचार



शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते तंबौर थानाध्यक्ष राकेश सिंह।

**दुखद**

- कुछ देर तक फंसी सीमा विवाद की बाधा, तंबौर पुलिस ने दिखाई सक्रियता
- खीरी जनपद के ईसानगर थानाक्षेत्र के हैं निवासी
- देर शाम तक बड़ी संख्या में मौजूद रहे ग्रामीण
- हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है

कुछ ग्रामीण तट पर मौजूद थे, सभी ने बचाने का प्रयास किया लेकिन गहरे पानी से किसी को निकाला नहीं जा सका। बताते हैं कि लखीमपुर खीरी जनपद के ईसानगर थाने की पुलिस पहले मौके पर पहुंची। सीमा का कुछ क्षेत्र सीतापुर जनपद में आने की जानकारी के बाद खीरी पुलिस ने कुछ देर हाथ खड़े कर लिये, फिर तंबौर पुलिस को सूचना मिली। खबर पाकर एसओ तंबौर राकेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से दो शवों को बाहर निकाला जा सका। जिनकी पहचान अविनाश शुक्ला (14) और उत्कर्ष मिश्रा (14) के रूप में हुई। राहुल शुक्ला (14) और देवांश दीक्षित (14) की तलाश में दोनों जनपदों की पुलिस और गोताखोरों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। तंबौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

### नदी के दूसरा छोर बना राहत में बाधा

नदी के एक छोर पर तंबौर इलाका और जनपद का किनारा मौजूद है। जबकि शारदा नदी के दूसरे छोर पर तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव का कुछ अंश है, अन्य इलाका खीरी से जुड़ा हुआ है। ऐसे में राहत कार्य और प्रशासनिक अमले को पहुंचने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ा। जिसके कारण राहत पहुंचने में कुछ देर लगी।

### गांव में पसरा मातम, टार्चों की रोशनी से कर रहे तलाश

खीरी के कटौली गांव के परिवारों के साथ हुए हादसे की खबर पाकर बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग भी उमड़ पड़े। कई ऐसे नौजवान भी थे, जो नदी में जाकर बच्चों को खोजने का प्रयास करते हुए मिले। कुछ टार्चों के सहारे नावों से गहरे पानी में राहुल और देवांश की तलाश करते मिले। गांव में पूरी तरह मातम पसरा हुआ था।

# सुरक्षा गार्ड की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव आने पर परिवार के लोग खासा हंगामा किया। निजी कंपनी पर लापरवाही सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष शव लेकर कोतवाली पहुंचा। बढ़ते विरोध-प्रदर्शन के बीच पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली प्रभारी नगर का कहना है कि बिजनौर जनपद में निजी सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

कोतवाली नगर क्षेत्र की शमशेर बाग निवासी वीना मिश्रा के मुताबिक, उनके पति राकेश मिश्रा (48) पुत्र गोविंद प्रसाद मिश्रा गत माह पूर्व निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में मुरादाबाद गए थे। जहां से कंपनी ने उनकी नियुक्ति बिजनौर जनपद में कर दी। बताया कि दो दिन पूर्व उनकी अपने पति से बातचीत हुई, तब तक सबकुछ ठीक-ठाक था। गुरुवार को राकेश मिश्रा और परिवार के बीच बातचीत नहीं हुई। गुरुवार देर रात बिना कुछ बताए सुरक्षा कंपनी के वर्कर राकेश मिश्रा का शव लेकर घर पहुंचे। जब तक परिवार कुछ समझ पाता, सभी गायब हो गए। संदिग्ध स्थितियों को देख परिजन अवाक रह गए, शव को पीड़ित पक्ष कोतवाली लेकर पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में जमा लोगों ने प्राइवेट कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी नगर अनूप शुक्ला ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच पड़ताल शुरू की। उधर, पीड़ित पक्ष ने निजी कंपनी के जिम्मेदारों से मुआवजे की मांग की है। बताते हैं कि देर रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थितियां स्पष्ट नहीं हो सकीं। ऐसे में शव का बिसरा सुरक्षित करने की बात सामने आई है।



राकेश मिश्रा की फाइल फोटो।

- बिजनौर जनपद में थी निजी सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी
- परिवार के लोगों ने कंपनी के जिम्मेदारों पर लगाए गंभीर आरोप, मुआवजे की मांग

### महिला की पिटाई, केस दर्ज

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के एक गांव में पैसे के लेन देन को लेकर हुए विवाद हुआ। ऐसे में जमकर मारपीट हुई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अभियोग दर्ज लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय निवासी हसीना पत्नी करामत के मुताबिक, साविरा पत्नी दानिश, मुन्ना पुत्र दानिश, जियाउल पुत्र लोटन और मुन्ना की पत्नी ने पुरानी रंजिश एवं पैसे के लेन देन को लेकर उसे मारा पीटा। चीख पुकार पर गांव के लोग जमा हो गए, तब कहीं जाकर उसकी जान बच सकी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में अभियोग दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवक की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तालगांव पुलिस ने हत्यारोपी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रभावी कार्रवाई के तहत आरोपी जेल भेजे गए। बता दें कि देवकली गांव में हरिशंकर की मारपीट के दौरान मौत हो गई थी। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा था। बैकफुट पर आई तालगांव पुलिस ने बढ़ते हंगामे के बीच पुलिस कार्रवाई की और गांव के हरीशंकर पुत्र स्व. सीताराम, उसका पुत्र वीरेश और मैकिन पत्नी हरिशंकर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर एक बांस का डंडा और एक गोलनुमा लकड़ी का डंडा बरामद हुआ। अभियुक्तों के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## जागरूकता के बीच निकले समस्याओं के हल

संवाददाता पहला, सीतापुर

- पहला ब्लॉक में पेस संस्थान और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने किया आयोजन

**अमृत विचार:** पहला ब्लॉक में पेस संस्थान और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 50 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीओ पंचायत राम किशोर वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुछ पंचायत भवन के कार्यालय नहीं खुलने की शिकायत की गई। सामुदायिक शौचालय की महिला केयरटेकर्स ने मानदेय की समस्या को साझा किया। पंचायत सदस्यों ने मासिक बैठक के मानदेय भत्ते का भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। एडीओ ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में यूपीएसआरएलएम से पुष्पेंद्र सिंह, समन्वयक बीना पांडेय, पेस संस्थान के एमआईएस ऑफिसर हरिओम बाजपेई, ऋतिक अवस्थी, सचिन सोनी, अंकित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## गोंदलामऊ सीएचसी में उम्मीद काउंसलिंग कॉर्नर का उद्घाटन

संवाददाता, संदना

**अमृत विचार:** परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ में उम्मीद काउंसलिंग कॉर्नर का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। यह पहल स्वास्थ्य विभाग व मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित की गई है।

## शव के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद, पुलिस ने कराया शांत

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** महमूदाबाद के केदारपुर में शव के अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बातचीत बढ़ने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थितियों को सामान्य कराया। महमूदाबाद के केदारपुर में सरोजनी देवी पुत्री ओम प्रकाश गौतम पिछले कुछ समय से बीमार थी। ऐसे में सरोजनी ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। मृतका का दाह संस्कार करने के लिए परिजन उसे गांव के बाहर लेकर पहुंचे, तो दूसरे पक्ष ने दाह संस्कार से मना कर दिया। इसी के बाद बातचीत बढ़ गई। दोनों की बढ़ती संख्या और विवाद की सूचना मिलने पर तहसीलदार अनिल कुमार, कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह मौके पर पहुंचे और स्थितियों को सामान्य कराया।



शव जलाने के दौरान उपस्थित प्रशासनिक टीम व पुलिस बल।

## लाइनमैन की मौत पर बिफरे परिजन

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** लापरवाही एक बार फिर एक लाइनमैन पर भारी पड़ी। इस बार का हुआ हादसा सिधौली तहसील मार्ग पर बिजली के पोल पर चढ़कर तारों की मरम्मत करते हुए हुआ। करण्ट लगने से हुई मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग की है।

सिधौली-तहसील मार्ग पर अफजल क्लीनिक है। बताते हैं कि पोल से बिजली चली गई। तारों से बाधित हुई आपूर्ति की मरम्मत करने के लिए लाइनमैन कमलेश को जिम्मेदारी मिली। लाइनमैन बिजली के पोल पर चढ़कर तारों की मरम्मत का कार्य कर ही रहा था। इसी दौरान तारों में करण्ट उतर आया और कमलेश पोल से नीचे गिर गया। आसपास अफरातफरी मच गई। परिवार के लोग पहुंच गए। किसी तरह लाइनमैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिजन विद्युत उपखंड कार्यालय लेकर पहुंचे। जहां खासा हंगामा हुआ। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। ऐसे में विभागीय अधिकारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया। इसी के बाद स्थितियां सामान्य हो सकी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी सिधौली बलवंत शाही पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे।



परिवारीजनों को समझाती सिधौली पुलिस। अमृत विचार

- सिधौली में पोल पर चढ़कर तारों की मरम्मत करते हुए हुआ हादसा, मुआवजे की मांग

**बेबसी** पहला विकास खंड क्षेत्र में तालाब सूखे, नहरें बंद और बूंद-बूंद पानी को तरस रहे पशु-पक्षी, जिम्मेदार मस्त

# करोड़ों की लागत से बने अमृत सरोवर में नहीं एक बूंद पानी

संवाददाता पहला, सीतापुर

**अमृत विचार:** विकास खंड पहला क्षेत्र में 91 ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये खर्च कर मॉडल और अमृत सरोवर तालाब तो बनवाए गए, लेकिन भीषण गर्मी में ये शोपीस साबित हो रहे हैं।

प्यास से व्याकुल मवेशी कई गांवों के नलों और हैंडपंपों के आसपास भटकते देखे जा रहे हैं। जंगली जानवर रिहायशी इलाकों में घुस रहे हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। जलभराव के नाम पर उठाया गया धन सिर्फ कागजों तक सीमित है। इस दिनों गर्मी का सितम उफान पर है। इंसान तो जैसे-तैसे अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन गांवों में आवारा घूम रहे मवेशी और पक्षी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि शुक्रवार को हुसैनपुर गांव के पास एक गाय नल की टोटी से टपकते पानी को बड़ी बेसब्री से पीती नजर आई। ब्लॉक क्षेत्र की 91 ग्राम पंचायतों में मॉडल और अमृत सरोवर तालाबों के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन आज उनमें एक बूंद पानी नहीं है। शारदा नहर और माइनर भी सूखे पड़े हैं।



धूप की तपिश के बीच सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

पंचायतों में तालाबों की सफाई और जलभराव के लिए धन स्वीकृत होने के बावजूद जमीनी हालात बेहद खराब हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पैसा प्रधान और ब्लॉक कर्मियों की जेब में जा रहा है। गांवों में मवेशी नलों, हैंडपंपों और कुओं के पास पानी की तलाश में मंडराते देखे जा रहे हैं।

वहीं, जंगली जानवर भी पानी की तलाश में आबादी की ओर आ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। पशु मालिकों की लापरवाही भी सामने आ रही है, जो मवेशियों को चारा-पानी देने की बजाय खुले में छोड़ दे रहे हैं। गर्मी से इंसानों का हाल बेहाल है तो जानवरों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या करोड़ों की योजनाएं सिर्फ कागजों में ही चल रही हैं।

> तालाबों में पानी भरवाए जाने को लेकर सभी ग्राम पंचायतों के सचिव को निर्देश दिए जा चुके हैं, बावजूद इसके अगर लापरवाही बरती गई है तो जांच कराकर कार्रवाई के लिए लिखेंगे।
>
> **-विकास कुमार**, खंड विकास अधिकारी, पहला।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार:** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। मानपारा में हुए हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि चपेट में आया युवक मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। सिधौली कोतवाली क्षेत्र से होकर पैसेंजर ट्रेन गुजर रही थी। बताते हैं कि इसी दौरान मानपारा क्रॉसिंग के करीब एक युवक पहुंच गया। ट्रेन देखने के बावजूद वो रेलवे ट्रैक पार करने लगा। हालांकि, कुछ राहगीरों ने उसे आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन लोग सफल न हो सके। ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में उसकी पहचान मानपारा गांव वासी अरुण कुमार के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी सिधौली बलवंत शाही का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को किया जागरूक



जागरूकता गोष्ठी में सम्मिलित किसान। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** प्राकृतिक खेती करने के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से विकासखंड क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में किसानों को प्राकृतिक जीवामृत बनाने की विधि बताई गई। किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरुक करते हुए प्राविधिक सहायक गंगाराम ने बताया कि प्राकृतिक खेती में जैविक उर्वरकों का प्रयोग करें और कीटनाशकों का प्रयोग न करें। प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ एवं मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इस मौके पर उन्होंने किसानों को जीवामृत और घनमृत बनाने के बारे में जानकारी दी और उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदों के बारे में बताया। इस मौके पर कृषि सखी निशा व अंजू ग्राम प्रधान मोहम्मद आलम, किसान योगेंद्र सिंह, राम सिंह, सुरेंद्र कुमार, संगीता देवी सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### अंत्योदय कार्ड का शुरू हुआ सत्यापन



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता तंबौर, अमृत विचार :** बेहटा विकास खंड में अंत्योदय राशन कार्ड के सत्यापन का कार्य आरंभ हुआ। यह अभियान 28 मई तक चलेगा। पहले दिन ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें मुगलपुर, भवानीपुर, औरंगाबाद, चन्देसुवा, बसंतापुर, पर्वतपुर, भदफर, रिहार, चंडीभानपुर, रमुवापुर, पट्टी दहेली, धनपुरिया और इटोवा शामिल रहे। ग्राम पंचायतों में सचिवों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुगलपुर में सचिव मनोज शर्मा, भवानीपुर में जितेंद्र कुमार, रिहार में सरदार सिंह राणा और चंडीभानपुर में आशीष यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

### जर्जर तार को लेकर बिफरे अनियां कलां वासी



विद्युत उपकेंद्र पर जमा ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** अनियां कलां में जर्जर तारों और खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ऐसे में ग्रामीणों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अल्टीमेटम दिया। अनिया कला गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे। ग्रामीण दीपक शुक्ला, मुजम्मिल अली, फारूक अहमद, मुस्लिम, जुम्मन, बरकत अली, अशोक कुमार, सुहेल, श्याम किशोर आदि ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड अधिकारी आंचल मिश्रा को ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया कि गांव में जो लाइट गई है, उसके तार बहुत पतले हैं और जर्जर हो चुके हैं। जिससे वो आए दिन टूट कर गिर जाते हैं। ऐसे में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो जाती है। तार पतले होने की वजह से वोल्टेज भी कम आ रहा है। समस्या को अविलंब दुरुस्त करने की मांग ग्रामीणों ने की।

### क्षेत्राधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह




विदाई समारोह के दौरान संस्मरणों को साझा करतीं उपजिलाधिकारी लहरपुर।

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव का लखनऊ स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तंबौर थाना प्रभारी सुरेश कुमार सिंह और तालगांव थाना प्रभारी दीपक राय के अलावा लहरपुर कोतवाल विजयेंद्र सिंह ने कार्यकाल के अनुभव साझा किये। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने नवीन तैनाती स्थल लखनऊ जाने पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अपराध निरीक्षक साबिर अली, एसएसआई ऋषभ यादव, नगर चौकी प्रभारी विजय पांडे, केसरीगंज चौकी प्रभारी मनोज गुप्ता, एसआई योग्यता नेगी, वीरेंद्र पुरी, शीलू शुक्ला, हाजी कलामुद्दीन, सिद्दीक, विवेक शुक्ला, राम लखन वर्मा, सतीश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### अत्याचार बढ़ने पर भगवान ने लिया अवतार: पं. अखिलेश

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** श्रीमद् भागवत कथा संत सम्मेलन एवं शत चंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं. राधा मोहन अवस्थी ने और यज्ञ यजमान उमेश दीक्षित ने यज्ञ मंडप की पूजा कर आहुतियां डालीं और क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। कलाकारों ने भगवान की सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। उपस्थित श्रद्धालु भोले शंकर का शिव तांडव नृत्य देख कर भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास पं. अखिलेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा का सुंदर मनोहारी वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास पं. अखिलेश महाराज ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार बढ़ा है, भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। इस मौके पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव का सुंदर संजीव प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे और श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन पर नाचने गाने लगे। इस मौके पर अंकित दीक्षित, सूर्य प्रसाद, सत्यनारायण दीक्षित, ध्रुव दीक्षित, कैलाश दीक्षित, ऋषि राज सहित भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग व श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।



कथा व्यास पं. अखिलेश।

### बागवानी क्लस्टर विकास से कृषकों को मिलेगा सीधा लाभ

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद सीतापुर में अब बागवानी को एक नए आयाम पर ले जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने बताया है कि जिले में संचालित एफपीओ/एफपीसी, संघ, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म एवं कंपनियों के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम (सीडीपी) का संचालन किया जाएगा। विशेष रूप से यह योजना कृषक समुदाय, लघु और सीमांत किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे उन्हें आर्थिक और तकनीकी रूप से सशक्त किया जा सके। योजना के अंतर्गत इच्छुक संस्थाएं एफपीओ, एफपीसी, संघ, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म और कंपनियां टिश्यू कल्चर लैब, बीज प्रोसेसिंग यूनिट, इक्विपमेंट बैंक, नार्मल कोल्ड स्टोरेज, फ्रोजन स्टोर, प्री-कूलिंग चैम्बर, शॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिंग, वेटिंग, पैकिंग फैसिलिटी, राइपनिंग चैम्बर आदि से युक्त सब्जी क्लस्टर विकसित करने के लिए अपने प्रस्ताव विभाग को प्रस्तुत कर सकती हैं।

# हनीमून पर सिक्किम गए युगल 17 दिन से लापता

## युवक के पिता की बिगड़ी तबियत, एम्स में एडमिट, प्रतापगढ़ के राहाटीकर से 26 मई को सिक्किम गए थे नवदंपति

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार।** हनीमून मनाने सिक्किम गए कौशलेंद्र और अंकिता का अभी तक कोई पता नहीं चला है। इकलौते पुत्र और बहु की 17 दिन से कोई खबर न मिलने पर आखिरकार पिता की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया है, जहां पर उनकी हालात ठीक बताई जा रही है।

रायबरेली-प्रतापगढ़ बॉर्डर पर सांगीपुर ब्लॉक के राहाटीकर गांव निवासी शेर बहादुर सिंह के पुत्र कौशलेंद्र सिंह का विवाह पट्टी तहसील के धनगढ़ सराय छिवलहा निवासी राजेश सिंह की पुत्री अंकिता से बीती पांच मई को हुआ था। दोनों 26 मई को हनीमून मनाने सिक्किम गए थे जहां पर मंगन जिले में भारी बारिश के कारण 11 पर्यटकों से भरा वाहन 29 मई को तीस्ता नदी में गिर गया था। तब से कौशलेंद्र और अंकिता की कोई खबर नहीं मिल रही है। इकलौते बेटे के वियोग में गुरुवार की रात पिता शेर बहादुर सिंह की तबियत बिगड़ गई। भाई डॉ. उम्मेद सिंह ने बताया कि रात में तबियत बिगड़ने पर उन्हें सांगीपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने कहा कि उन्हें आईसीयू की आवश्यकता है। फिर रात में ही उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया गया है। उनकी हालात में सुधार बताया गया है।



कौशलेंद्र और अंकिता।

### तूफान और बारिश से नहीं निकाल पाए वाहन

रायबरेली एम्स में भाई की देख रहे कर रहे डॉ. उम्मेद सिंह ने बताया कि सिक्किम में राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने काफी मदद की जिसके बाद वहां रेस्क्यू तेज किया गया। उस समय नदी में वाहन दिख रहा था लेकिन उसी समय तेज तूफान और बारिश आई जिससे जवानों को एक हजार फीट नीचे चल रहा रेस्क्यू छोड़कर ऊपर आना पड़ा। उस समय वाहन को टोच किया ही जा रहा था। करीब 20 घंटे बाद बारिश बंद होने के बाद जब रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ तो वाहन ही नहीं दिखाई पड़ा। डॉ. उम्मेद सिंह ने बताया कि सिक्किम सरकार से बातचीत चल रही है। वहां अभी भी रेस्क्यू चलाया जा रहा है

### परिजनों ने 10 दिन तक सिक्किम में नवदंपति को किया तलाश



पिता शेरबहादुर सिंह।

बेटे बहू की तलाश में पिता शेर बहादुर सिंह परिजनों के साथ 31 मई को सिक्किम गए थे। वहां पर परिजनों ने सिक्किम के राज्यपाल से मुलाकात भी की थी। वहां पर कई दिनों तक रेस्क्यू भी चला, लेकिन कौशलेंद्र और अंकिता की कोई खबर न मिलने पर 10 जून को परिजन घर वापस आ गए।



राहाटीकर में चल रहा महामृत्युंजय जाप। अमृत विचार

### 11 मई से चल रहा महामृत्युंजय जाप

कौशलेंद्र और अंकिता की कुशलता के लिए परिजन 11 मई से राहाटीकर के मां दुर्गेश्वरी धाम में महामृत्युंजय जाप करा रहे हैं। आचार्य धर्मेश की अगुवाई में पांच आचार्यों द्वारा महामृत्युंजय जाप किया जा रहा है। परिजन, रिश्तेदार और गांव के लोग ईश्वर से कौशलेंद्र और अंकिता की कुशलता की कामना कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### वन दरोगा ने लकड़ी माफिया पर दर्ज कराया मुकदमा

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शिवदयाल खेड़ा मजरे ढोढ़वापुर में बेखौफ वन माफिया ने हरे भरे फलों से लदे जामुन के दो पेड़ों पर आरा चलाकर दोनों पेड़ों को धराशाई कर दिया। जामुन के पेड़ों को काटने के साथ बेखौफ वन माफिया गूलर के दो पेड़ों की शाखाओं को काटने के बाद उन्हे धरासाई करने की फिराक में था तभी शिकायतकर्ता से मिली सूचना पर वन विभाग ने इसकी सूचना शिवगढ़ पुलिस को दी। सूचना पर शिवगढ़ पुलिस के मौके पर पहुंचते ही वन माफिया पेड़ों को काटना छोड़ मौके से फरार हो गये। वन दरोगा संजय यादव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार निवासी बख्तावर नगर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत का विधिक करवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विन्ध्य विनय ने बताया कि वन दरोगा संजय यादव की तहरीर के आधार पर अनिल कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### प्रजनन करने वाली मछलियों के पकड़ने और बेचने पर रोक

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रजनन करने वाली मछलियों के पकड़ने और बेचने पर रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न निषेधाज्ञा आदेश पारित किये गये है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति प्रतिबन्धित अवधि 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में जलाशय, मीनाशय तथा नदियों में शिकारमाही नहीं करेगा। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में जलाशय, मीनाशय और नदियों से फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने, अथवा बेचने की कार्यवाही नहीं करेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि मत्स्य अधिनियम की धारा-6 के अन्तर्गत प्राधिकृत मत्स्य विभाग के अधिकारी और पुलिस उप निरीक्षक को बिना वारंट के उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत एक मुश्त जुर्माना लगाने का भी अधिकारी होगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि उपरोक्त आदेश जनपद रायबरेली की सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित समयावधि तक प्रभावी रहेगा। उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन, उ0प्र0 मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा-6 तथा धारा-8 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### महिला का पेड़ से लटकता मिला शव, मचा हड़कंप



महिला की मौत के मामले में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। घर सामने पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय महिला का शव लटकता मिला है। इससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे नजर मोहम्मद मजरे बरहुआ गांव निवासी कुंती पत्नी श्यामू का शव शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के सामने लगे अर्जुन के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना लोगों को लगी तो गांव में सनसनी फ़ैल गई। मृतक कुंती के पति श्यामू का कहना है कि मैं रात को धान की नर्सरी में पानी लगाने के लिए गया था। सुबह आठ बजे वापस लौटा तो देखा कि मेरी पत्नी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ है। पत्नी से किसी भी प्रकार का कोई वाद विवाद भी नहीं हुआ। वही मृतक महिला के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जांच की जा रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### टीकाकरण में अमेठी प्रदेश में तृतीय, मंडल में प्रथम

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी ने टीकाकरण अभियान में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। 'उ बिन' पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, अमेठी को पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा तथा अयोध्या मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, प्रशासनिक समन्वय और जनसहयोग की शानदार मिसाल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह ने बताया कि इस सफलता के पीछे जिले में स्वास्थ्य कर्मियों की कड़ी मेहनत, योजनाबद्ध कार्यप्रणाली और आमजन में जागरूकता लाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान हैं। डीएम अमेठी ने इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जनपद की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमने हर गांव, हर मोहल्ले तक पहुंचकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया और आज उसका परिणाम पूरे प्रदेश के सामने है। गौरतलब है कि 'उ बिन' पोर्टल पर स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सभी डेटा का डिजिटलीकरण और निगरानी की जाती है। अमेठी की यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और तत्परता को दर्शाती है।

### भारत की ज्ञान परंपरा पर प्रशिक्षण शिविर का समापन

**अमेठी अमृत विचार।** विद्या भारती जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन शुक्रवार को हुआ। वंदना सत्र में डॉ. सौरभ मालवीय क्षेत्रीय मंत्री, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं डॉ. राम मनोहर संगठन मंत्री, विद्या भारती ने मां सरस्वती का पूजन किया। डॉ. मालवीय ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का धर्म सनातन है और यह परंपराएं आने वाली पीढ़ियों को जोड़ती हैं। प्रदेश प्रचार प्रमुख संतोष मिश्र ने 31 प्रधानाचार्यों और समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. राम मनोहर, रमाकांत त्रिपाठी ने किया।



दिवसीय प्रशिक्षण समापन में मौजूद वक्ता।

### नहरों में उड़ रही धूल, खेत पड़े प्यासे

**सिंहपुर, अमृत विचार।** सिंहपुर विकासखंड के किसानों की परेशानियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेत सूख रहे हैं, फसलें मुरझा रही हैं और किसान पानी के लिए आसमान ताक रहे हैं। धान की नर्सरी और उड़द की फसल इस समय सिंचाई के लिए सबसे अधिक जरूरतमंद हैं, लेकिन नहरें सूखी पड़ी हैं। सिंहपुर रजबहा में पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों को मजबूरी में निजी ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लागत कई गुना बढ़ गई है। कटोरवा गांव के किसान संतोष सिंह बताते हैं कि पानी की भारी किल्लत है। न तो बिजली ठीक से आती है, न ही नहरों में पानी। फसलें सूखने की कगार पर हैं। बिजली की आंख मिचौनी और नहरों में पानी न आने से किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। ऊपर से आवारा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए दिन-रात निगरानी करनी पड़ रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने बताया कि ब्रांच में पानी नहीं आया है, इसलिए नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा सका। 17 जून तक पानी आने की उम्मीद है।



नहरों में उड़ रही धूल।

## एक नजर

### दर्शन को निकलीं दो नाबालिग बहनें लापता

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार :** मंगलवार को एक गांव की दो नाबालिग बहनें सुबह छह बजे टीकरमाफी आश्रम दर्शन के लिए निकली थीं। काफी देर तक दोनो घर नही लौटी तो परिजनों ने तलाश की। दोनो का कही पता नही चला तो मामले की शिकायत टीकरमाफी चौकी पर की गई। पुलिस ने शिकायत पर पड़ोस के ही गांव के दो चचेरे भाइयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि मां की तहरीर पर दो युवकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। दोनो को जल्द ही बरामद कर लिया जायेगा।

### नियमित टीकाकरण को लेकर बांटीं जिम्मेदारियां

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में शुक्रवार को नियमित टीकाकरण माह के क्रियान्वयन को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह की अध्यक्षता में अंतरविभागीय बैठक हुई। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभागवार जिम्मेदारियाँ तय की गईं। बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारतीय, बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्रिया मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अर्जुन कुमार शुक्ल, एआरओ डॉ. संतोष कुमार यादव, बीपीएम शंभूनाथ पांडे और बीसीपीएम तीर्थराज यादव उपस्थित रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि लक्षित बच्चों और गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# चाचा ने भतीजी को बेटी बता हड़पी ज़मीन

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी के गाईमऊ गांव निवासी शायमा बानो ने अपने ही चाचा सनाउल्ला पर फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर की अदालत में एक प्रार्थना पत्र दाखिल कर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है।

शायमा का आरोप है कि उसके पिता शाहिद अली का निधन 20 अक्टूबर 2000 को हो गया था। उसके एक वर्ष बाद शायमा की मां ने अपने देवर सनाउल्ला से निकाह कर लिया था। इसके बाद सनाउल्ला ने शायमा के सभी शैक्षणिक व पहचान पत्रों में कूटरचना करके अपने नाम को पिता के नाम के स्थान पर दर्ज करवा लिया।

**भतीजी ने कोर्ट में लगाई न्याय की गुहार**

शायमा का कहना है कि सनाउल्ला ने उसे अपनी बेटी दिखाकर चकबंदी कार्यालय जगदीशपुर में फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेते हुए उसके नाम की पुश्तैनी जमीन अपने नाम करा ली। शायमा ने अदालत को बताया कि उसकी जन्मतिथि 30 जून 1998 है, जबकि सनाउल्ला का विवाह उसकी मां से 2001 में हुआ था। ऐसे में वह किसी भी हालत में उसकी संतान नहीं हो सकती। पीड़िता ने यह भी कहा कि वह और सनाउल्ला दोनों डीएनए टेस्ट के लिए तैयार हैं, जिससे सच्चाई सामने आ सके। शायमा ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ हाईस्कूल अंकपत्र की प्रति, पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र और पूर्व में पुलिस अधीक्षक को भेजा गया प्रार्थना पत्र भी संलग्न किया है

# लेखपाल पर अभद्रता का आरोप, शिकायत

**शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र बाजार शुक्ल की ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर निवासी अमीर हसन ने क्षेत्रीय लेखपाल सुशील शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी अमेठी को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने चकरोड पर अतिक्रमण को लेकर 9 जून को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद हल्का लेखपाल ने उन्हें फोन पर गाली-गलौज की। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है पूरे मामले की जांच की जा रही है आरोपी लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा गया है दोषी पाने पर आरोपी लेखपाल के विरुद्ध शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 100 मरीजों ने कराया परीक्षण

सिंहपुर अमेठी

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के जेहटा-उसरहा स्थित पंचायत भवन में समाजसेवी गोपी चंद्र बाजपेयी के नेतृत्व व इंदिरा गाँधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र मुंशीगंज के तत्वावधान में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सौ मरीजो ने अपना नेत्र परीक्षण कराया, पचास मरीजों को चश्मे दिए गए। 40 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित कर उन्हें अस्पताल आने की तारीख दी गई। शिविर के सह आयोजक अभिषेक गोपी बाजपेयी ने बताया कि मरीजों को निशुल्क जांच एवं सर्जरी के बाद चश्मा और दवा दी जाती है। शिविर में डॉ. कल्पनाथ यादव, डा. रामन, मंजू, स्नेहा, साक्षी, प्रीती, अभिषेक, जुबैर खान, राम प्रसाद गुप्ता, महादेव गुप्ता, पप्पू यादव, आशाराम उपस्थित रहे।



आंख की जांच करते डॉक्टर एवं नेत्र शिविर में लोग। अमृत विचार

# मनरेगा और आवास योजना कार्यों का सोशल ऑडिट शुरू

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** निदेशक, सोशल आडिट, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पिछले वित्तीय वर्ष में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट शुरू हो गया है।

गौरीगंज विकास खंड के ओरीपुर गांव में हुए सोशल आडिट का लोकपाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में तमाम खामियां पाई गई हैं।

**ओरीपुर में पाई गईं तमाम खामियां**

ओरीपुर में मनरेगा लोकपाल ओजस्कर पांडेय ने सोशल आडिट का निरीक्षण किया। मनरेगा से संबंधित सात रजिस्टरों में कुछ खामियां थी। लोकपाल (मनरेगा) ने मनरेगा द्वारा हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया। मनरेगा नागरिक सूचना बोर्ड में कमी को भी जल्द दूर करने का निर्देश दिए। बैठक के अंत में गांव में रैली निकाली गई जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ सके। सोशल ऑडिट बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर नीलम, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर चंदन दुबे, रोजगार सेवक विद्यावती, ग्राम प्रधान अंकिता वर्मा, टीम सदस्य अर्जुन सिंह, नदेश्वरी गुप्ता, राम लोटन, प्रेमचंद विश्वकर्मा और सैकड़ो मनरेगा जॉब कार्ड धारक मौजूद रहे।

# विधायक के भतीजे और दोस्तों पर रिपोर्ट दर्ज

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** प्रदेश के पूर्व मंत्री और जगदीशपुर विधानसभा से मौजूदा विधायक सुरेश पासी के भतीजे और उसके साथियों पर एक किशोरी को भगाने का आरोप लगा है। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां जगदीशपुर के विधायक और पूर्व मंत्री के भतीजे और उसके दोस्तों पर एक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगा है। किशोरी की मां का आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को विधायक के भाई के बेटे रवि और उसके दो साथी बाबादीन और राम बचन उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गए। जाते-जाते बेटी घर में रखे 80 हजार रुपए भी लेकर चली गई। काफी ढूंढने के बाद उसकी बेटी रायबरेली बस स्टॉप पर मिली जिसके बाद वह उसे लेकर थाने पहुँची और तहरीर दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने रवि बाबादीन और राम बचन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रवि ग्राम प्रधान रमेश पासी का लड़का है।



निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

## पौधरोपण की तैयारियां तेज, डीएम ने किया निरीक्षण

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** जिले में वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियाँ जोरों पर हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कादूनाला वेटलैंड और स्थानीय पौधशाला का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पौधों की उपलब्धता, प्रजातियों की गुणवत्ता और रोपण स्थलों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि पौधों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जाए तथा रोपण के बाद उनके समुचित रखरखाव की व्यवस्था भी की जाए। जिलाधिकारी चौहान ने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी और दीर्घकालिक प्रयास होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि चिन्हित स्थलों पर गड्ढों की खुदाई, सुरक्षा व्यवस्था और जनसहभागिता के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

# धरती की कोख को बांझबना रहीं रासायनिक खादें

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय खीरों के परिसर में कृषि विभाग की ओर से कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला खरीफ वर्ष 2025 का आयोजन किया गया। विषयव स्तु विशेषज्ञों ने किसानों को रासायिक खादों के अधिक उपयोग से होने वाली हानियों के साथ ही श्री अन्न की लाभदायक खेती के तरीके, मृदा परीक्षण, खड़ी फसलों में समुचित जल प्रबंधन, जैविक, कंपोस्ट एवं हरी खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता संतोष पासवान व रामकुमार मिश्रा ने किया। सेवानिवृत्त विषयवस्तु विशेषज्ञ अजेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि रासायनिक खादों के अधिक उपयोग के कारण धरती की कोख बांझ हो रही है। जैविक, कम्पोस्ट और हरी खाद के उपयोग से किसान मालामाल हो सकते हैं। साथ ही श्री अन्न की खेती किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक है। किसानों के श्री अन्न के बारे में पूंछने पर अजेंद्र सिंह ने बताया कि श्रीअन्न के अन्तर्गत मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, साँवा, काकुन, मक्का आदि आती फसलें आती हैं। जिनकी खेती में किसानों को बिना अधिक लागत के अधिक उपज मिल सकती है। साथ ही इन फसलों में रासायनिक खादों का उपयोग नहीं करना पड़ता है। साथ श्री अन्न के उपयोग से व्यक्ति निरोगी बन सकता है। विषय वस्तु विशेषज्ञ पंकज शुक्ला ने किसानों को बताया कि रासायनिक खादें धरती और मानव जीवन दोनों के लिए हानिकारक हैं। इसलिए किसान जैविक, कम्पोस्ट और हरी खाद का प्रयोग करें। समय समय पर मृदा परीक्षण भी कराएं। खड़ी फसलों में समुचित जल प्रबंधन के जरिए ही अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। जिस प्रकार से मनुष्य को समुचित पेयजल की आवश्यकता होती है उसी तरह फसलों के लिए समुचित जल प्रबंधन आवश्यक है। किसान अपने खेतों में कम्पोस्ट खाद बना कर खुद के उपयोग के बाद बिक्री करके भी आय अर्जित कर सकते हैं। इस अवसर पर खंड तकनीकी प्रबंधक मुकेश मिश्रा, गोदाम प्रभारी शिवप्रकाश, मनीष पाल, आदर्श वर्मा, डॉ राजशेखर के साथ ग्राम प्रधान राजेश सिंह किसान वैभव बहादुर सिंह, गांधी सहाय, रामनरेश, अंकित आदि किसान उपस्थित रहे।



किसानों को संबोधित करते भाजपा नेता संतोष पासवान और उपस्थित विषय वस्तु विशेषज्ञ।

**सख्ती** सीडीओ ने विकास खंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

# आईडी कार्ड पहनें और मेज पर नाम पट्टिका भी लगाएं कर्मी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ सूरज पटेल ने शुक्रवार को विकास खंड शाहगढ़ स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद समेत अन्य अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीडीओ ने भ्रमण रजिस्टर की जांच करते हुए पाया कि कुछ कर्मचारी फील्ड विजिट पर थे, लेकिन उनके भ्रमण का स्पष्ट विवरण पंजिका में अंकित नहीं था। इस पर उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण करने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति का स्पष्ट विवरण भ्रमण पंजिका या टूर रजिस्टर में दर्ज किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अनिवार्य रूप से आईडी कार्ड धारण करें तथा अपनी मेज पर नाम-पट्टिका भी प्रदर्शित करें। इसके बाद सीडीओ ने मनरेगा सॉफ्ट पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर विकास खंड क्षेत्र में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बीडीओ शाहगढ़ ने अवगत कराया कि कुल 39 ग्राम पंचायतों में से वर्तमान में 27 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य संचालित हैं, जबकि शेष में कार्य प्रारंभ कराने की प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार चल रही है। सीडीओ ने सख्त निर्देश दिए कि विकास खंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत कम से कम एक कार्य अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए। निरीक्षण के अंत में सीडीओ सूरज पटेल ने बीडीओ शाहगढ़ को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और शासन की मंशा के अनुरूप होना चाहिए।



विकास खंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण करते सीडीओ।

# डीपीआरओ ने कार्यों में शिथिलता पर जताई नाराजगी

संवाददाता, संग्रामपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार संग्रामपुर में शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) मनोज कुमार त्यागी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। डीपीआरओ ने शौचालय फीडिंग, पंचायत गेटवे, अंत्येष्टि स्थल, एसएलडब्लूएम (सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट) निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपूर्ण आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए और फैमिली आईडी फीडिंग में तेजी लाई जाए। डीपीआरओ त्यागी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। सचिव, पंचायत सहायकों और खंड प्रेरकों को निर्देशित किया गया कि वे लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर कार्यों की निगरानी करें। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष संजय सिंह ने ब्लाक सभागार में संचालित हो रहे बैंक को हटाए जाने की मांग की गई। प्रधान संघ ने धौरहरा में 10 हजार से अधिक की आबादी पर एक भी अंत्येष्टि स्थल न होने का मुद्दा उठाया गया। डीपीआरओ ने दोनों समस्या को संज्ञान में लेते हुए निस्तारण करने का आश्वासन दिया।



समीक्षा बैठक करते डीपीआरओ मनोज कुमार। अमृत विचार

# पेड़ से गिरकर युवती घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** सब्जी के लिए महुआ का फल (कोलइया) तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी युवती अचानक पेड़ की डाल टूटने से नीचे आ गिरी। परिजनों ने युवती को गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के रौसेरा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव की है। गांव निवासी रमेश की 18 वर्षीय बेटी सीमा शुक्रवार की दोपहर में सब्जी बनाने के लिए महुआ का फल (कोलइया) तोड़ने पेड़ पर चढ़ी थी। अचानक महुआ की डाल टूटने से सीमा डाल सहित नीचे जमीन पर आ गिरी। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने घायल सीमा को इलाज के लिए सीएचसी महराजगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया

## एक नजर

### घर से नकदी व जेवरात चोरी

**सरेनी, रायबरेली।** बीती रात थाना क्षेत्र के एक गांव में चोर दीवार फांद कर घर में घुस गए और बक्सों का ताला तोड़कर तीस हजार की नकदी व करीब एक लाख रुपए के जेवर पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव के रहने वाले अजय कुमार उर्फ बुद्धू पुत्र राम आसरे बीती रात करीब दस बजे खाना खाकर परिजनों के साथ सो गए। तभी रात में चोर दीवार फांद कर घर के अंदर घुस गए और बक्सों का ताला तोड़कर तीस हजार की नकदी व जेवरात पार कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह तीन बजे हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### युवक पर शांतिभंग की कार्रवाई

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ छेड़खानी और अभद्रता कर रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। गांव वालों का यह भी कहना था कि सुरेंद्र गांव में आए दिन महिलाओं के साथ अभद्रता करता था। मामले में लालगंज पुलिस ने पकड़े गए युवक सुरेंद्र के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की है।

### महिला की करंट से मौत

**लालगंज, रायबरेली।** घर में कपड़ा प्रेस कर रही महिला करंट की चपेट में आ गई इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के नया खेड़ा गांव की प्रिया देवी (26) पत्नी विपिन मिश्र घर में कपड़ों को प्रेस कर रही थी। तभी वह करंट की चपेट में आ गई। उसकी चीख पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने किसी तरह उसे करंट से हटाया। इसके बाद आनन-फानन में लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

### ई-रिक्शा पलटा, महिला की जान गई

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर के पास मवेशी बचाने के चक्कर में एक ई रिक्शा पलट गया। इससे सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से लालगंज सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अलीपुर लालगंज निवासी अफसाना बानो पत्नी मोहम्मद सरवर अपने रिश्तेदार के घर सातनपुर गई हुई थी। वहां से वापस रिक्शा के द्वारा घर अलीपुर लौट रही थी। तभी ई-रिक्शा के सामने मवेशी आ गया। इससे अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया। उसमें बैठी अफसाना बानो गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे एंबुलेंस के द्वारा लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चोरी के सामान के साथ दो वांछित गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार को डलमऊ पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध दो व्यक्ति चित्रसेन पुत्र महारथी चौहान निवासी गुम्दापुर मुजरा भीरा गोविंदपुर लालगंज एवं विश्वनाथ सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह निवासी बसंत खेड़ा हरचंदपुर को थाना क्षेत्र के सरिस्तापुर नहर पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लाखों रुपए की कीमत के सोने व चांदी का सामान बरामद किया गया है। अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान बेचने के 96 सौ रुपए भी बरामद किए गए। कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त वांछित अपराधी हैं जिन पर जनपद के विभिन्न स्थानों में दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# टप्पेबाजों के निशाने पर आमजन, हांफ रही खाकी

## एटीएम कार्ड बदलकर तो कहीं मोबाइल छीनकर हुए फरार, जांच के बहाने टाल-मटोल कर रहे जिम्मेदार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में टप्पेबाजी करने वाले शहर कोतवाली और मिल एरिया पुलिस की नाक में दम कर रखे हैं। हाल यह कि छिनैती तो कहीं एटीएम में कार्ड की गड़बड़ी करके घटना को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस इन घटनाओं की तह तक जाने में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस के इस रवैये से टप्पेबाजों के हौसले बुलंद है।

पिछले महीने सदर सर्किल में आधा दर्जन टप्पेबाजी की घटनाएं हो चुकी हैं। हद तो तब हुई जब एक ही दिन सदर सर्किल में तीन- तीन जगहों पर टप्पेबाजों ने घटनाओं को अंजाम दिया। दरअसल, पिछले एक माह के अंदर सदर सर्किल में क्राइम ग्राफ बढ़ा हुआ है। सर्किल में लगभग आधा दर्जन टप्पेबाजी की घटनाओं के साथ- साथ छिनैती की घटनाएं सामने आई है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुलिस को अभी इन टप्पेबाजों का कोई भी सुराग नहीं मिला है।



आरडीए में स्थित एटीएम में सीसी कैमरे का फुटेज जिसमें हेलमेट पहने हुए टप्पेबाज।



आरडीए के सीसी कैमरे का फुटेज, बाइक में पीछे हेलमेट पहनकर बैठा टप्पेबाज।

**केस एक** 13 मई को शहर कोतवाली क्षेत्र के कैनाल रोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकालकर ले जा रहे युवक को टप्पेबाजों ने फंसा लिया और कैश लेकर रफूचक्कर हो गए। चौकी इंचार्ज राकेश मिश्रा का कहना है टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

**केस दो** 17 मई को तो जिले की सदर सर्किल में तैनात पुलिस कुम्भकर्णीय नींद सो रही है। टप्पेबाजों ने बिना डर के दिनदहाड़े शहर के मुख्य चौराहों सहित तीन जगहों निशाना बनाते हुए घटनाओं को अंजाम दिया। टप्पेबाजों ने मिल एरिया के सारस चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, शहर स्थित गोरा बाजार चौराहा व शहर के आरडीए कॉम्प्लेक्स में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

**केस तीन** 10 जून को शहर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम जगह जहां से अधिकारियों के कार्यालय की दूरी महज 100 मीटर भी नहीं है। वहां से दिनदहाड़े टप्पेबाजों ने भरी दोपहर में भदोखर के रहने वाले एक युवक से एटीएम बदलकर टप्पेबाजी कर डाली है। इसका भी सुराग ढूंढने पुलिस नाकाम है।

> सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीमें गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है। बाकी कुछ घटनाओं की जानकारी थानों पर नहीं दी गई है, यदि शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। एक किसी घटना में महिला को उसका बैग वापस करवाया गया था।
>
> **-अमित सिंह,** क्षेत्राधिकारी नगर, रायबरेली

### छात्रा से छिनैती, जांच में जुटी पुलिस

शहर कोतवाली क्षेत्र के कैनाल रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने कोचिंग से घर जा रही छात्रा से दो बदमाश मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाश स्पलेंडर बाइक में सवार थे। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। शहर में दिनदहाड़े हो रही घटनाओं से जनता में दहशत का माहैल है।

# 887 अभ्यर्थियों को कल बांटे जाएंगे नियुक्त पत्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित जिले के 887 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र रविवार को लखनऊ में बांटे जाएंगे। इसको लेकर पुलिस महकमे के आलाधिकारियों ने कमर कस ली है। अभ्यर्थियों की सुविधाओं को लेकर रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के नोडल अधिकारी एडीजी ए. सतीश गणेश ने रायबरेली पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एसपी डॉ. यशवीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत सत्कार किया है।

दरअसल पुलिस भर्ती परीक्षा में जिले के कुल 887 महिला व पुरुष अभ्यर्थियों ने परीक्षा को पास किया है। इसी को लेकर आगामी 15 जून को लखनऊ के वृन्दावन डिफेंस एक्सपो में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा चयनित सभी जिलों के अभ्यर्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। इसको लेकर पुलिस महकमे के अधिकारी सतर्क है। इन्हीं सब का जायजा लेने के लिए वृहस्पतिवार को एडीजी ए. गणेश रायबरेली पुलिस लाइन पहुंच गए। उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित प्रशिक्षु बैरक भोजनालय, शौचालय, स्नानागार, आरटीसी विद्यालय मनोरंजन कच्छ, परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को सुधारने के निर्देश दिए है। यही नही इन अभ्यर्थियों की अन्य अन्य जिलों में 17 जून से रिक्रूट ट्रेनिग शुरू होनी है जिसकी तैयारियां की जा रही है। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को बनाया गया है।



पुलिस लाइन परिसर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के नोडल अधिकारी एडीजी ए. सतीश गणेश का स्वागत करते एसपी डा. यशवीर सिंह।

### चयनित अभ्यर्थियों को मिलेंगे नियुक्त पत्र

पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित रायबरेली, मिर्जापुर और सोनभद्र के अभ्यर्थी 14 जून की शाम को पुलिस लाइन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके बाद 15 जून को 1472 अभ्यर्थी 20 बसों के माध्यम से लखनऊ के वृन्दावन डिफेंस एक्सपो के लिए रवाना होंगे, जहां पर उन्हें नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संचरण व्यवस्थापक क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 20 बसों के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को भेजा जाएगा। प्रत्येक बसों में एक इंचार्ज की तैनाती भी की गई है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा में इन अभ्यर्थियों का हुआ चयन

पुलिस भर्ती परीक्षा में जिले के अन्य-अन्य जगहों से अभ्यर्थी चयनित हुए है। आगामी 15 जून को डीह थाना क्षेत्र के गोंदवारा निवासी मयंक मिश्रा, सलोन बाजार की सुभी सिंह, भरतगंज डीह की संजना मौर्य, भदोखर थाना क्षेत्र के सुरजकुंडा की साक्षी तिवारी, रतापुर के पुष्पेंद्र यादव को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

> मिर्जापुर और सोनभद्र से लखनऊ की दूरी अधिक होने के कारण वहां के भी अभ्यर्थी यहीं से लखनऊ जाएंगे। सभी के नाश्ते सहित भोजन की भी व्यवस्था पुलिस लाइन में कराई गई है। सभी बसों में इंचार्ज की तैनाती करते हुए अनुशासन से सभी को गंतव्य तक ले जाया जाएगा।
>
> **-संजीव कुमार सिन्हा,** अपर पुलिस अधीक्षक, रायबरेली

## खाई में बाइक गिरने से एक की मौत, दूसरा घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** शुक्रवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के मैंनहा चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। जिसमें बाइक चालक राम उजेर निवासी बनिया का पुरवा व राम केवल निवासी पूरे गोडे मजरे कोलवा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन फानन जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही राम उजेर निवासी बनिया पुरवा (40) को मृत घोषित कर दिया। घायल राम केवल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के चिकित्सक लइक अहमद ने बताया कि राम केवल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर रही है। इस बाबत जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** आमने-सामने से हुई दो बाइकों की भिंडत के बाद एक बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा सलोन - परशदेपुर मार्ग स्थित गद्दीपुर के समीप में हुआ है।

नसीराबाद थाना अंतर्गत बेवल गांव के रहने वाले आदर्श मौर्या (22) पुत्र पुत्र जमुना प्रसाद और सुभाष प्रजापति पुत्र राम नरेश प्रजापति शुक्रवार की शाम बाइक से मनगढ़ धाम कुंडा जा रहे थे। इसी दौरान गद्दीपुर के समीप रॉन्ग साइड आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार आदर्श सड़क पर गिर गया। इसी बीच सामने से आ रहे एक डंपर की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक डंपर और बाइक सवार दोनों मौके से भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस को काफी देर तक भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ा। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ठेलिया से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत, भाई गंभीर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे हरजू गांव के सामने स्कूटी की ठेलिया में टक्कर हो गई। इसमें भाई के साथ दवा लेने जा रहे महमद मऊ निवासी स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसका भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महमदमऊ गांव निवासी सतीश पुत्र सर्वेश थारू अपने छोटे भाई अजय को लेकर स्कूटी से दवा लेने लालगंज आ रहा था। पूरे हरजू मजरे बहाई गांव के निकट स्कूटी की टक्कर रिक्शा ठेलिया से हो गई, जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजय का उपचार किया गया है। मृतक सतीश का पिता सर्वेश विकासखंड लालगंज के सेमरपहा गांव में सफाई कर्मचारी है। उसने बताया कि अजय के पैर में समस्या होने के चलते सतीश उसे लेकर लालगंज दवा लेने गया था। सतीश की मौत पर पत्नी रोशनी, मां केशकली आदि परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सतीश तीन बच्चों सिद्धार्थ, अंशिका और कीर्ति का पिता था। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि सतीश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जागरूकता कार्यक्रम में हृदय रोगियों को बताए टिप्स

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में सीटीवीएस विभाग की ओर से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हृदय संबंधित बीमारी के बारे में लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, डीन प्रो नीरज कुमारी, अधीक्षक प्रो डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

एम्स अपने आदर्श वाक्य, स्वास्थ्यं सर्वार्थ साधनम, को सार्थक बनाने हेतु रोगियों की भलाई के लिए कार्य करने को तत्पर है। हृदय वक्ष एवं वाहिका सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की थीम "हृदय की आवाज एवं इलाज" थीम का उद्देश्य कार्यक्रम में शामिल रोगियों एवं हृदय संबंधी बीमारियों के लक्षण की पहचान करने व नियमित व्यायाम करने तथा खान-पान पर नियंत्रण रखने के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। विभाग से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने नाटक एवं व्याख्यान के माध्यम से शामिल रोगियों एवं उनके परिजनों को जानकारी से अवगत कराया। डीन नीरज कुमारी ने अपने विचार साझा किया। डीन परीक्षा प्रो. डॉ. प्रगति गर्ग ने हृदय संबंधित बिमारी व अटैक आने पर अपने सुझाव रखे। प्रो डॉ. अंकित गुप्ता ने हृदय रोग के बारे में बताया और लोगों को जागरूक किया। सह-प्रोफेसर डॉ. स्वाति पाठक, अपातकाल विभाग-प्रभारी डॉ. जैनब मेहदी ने कार्यक्रम में हृदय रोगियों को स्वस्थ रहने की सलाह देते हुए व्यायाम के माध्यम व खानपान से स्वस्थ रहने के टिप्स बताए। इस मौके पर संकाय सदस्य व नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।



एम्स में आयोजि त जागरूकता कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुत करते चिकित्सा कर्मी।

> एम्स में संचालित सभी विभागों में समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से रोगियों को जागरूक करना व बीमारियों के बारे में आवश्यक जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि हृदय रोग से बचने के लिए सावधान बेहद जरूरी है। हृदय रोग के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।
>
> **-प्रो. डॉ. नीरज कुमार,** अधीक्षक एम्स।

### पकड़े गए गांजा तस्कर ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा, वीडियो वायरल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** गांजा तस्करी में पकड़े जाने के बाद पुलिस के सामने युवक के हाई वोल्टेज ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बछरावां-महाराजगंज रोड पर हरदोई चौराहे के पास बछरावां थाने में तैनात दो सिपाही एक युवक को गांजे के साथ पकड़ लिया। इसके बाद युवक मौके से भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार युवक राहुल लोधी महाराजगंज थाना क्षेत्र के असनी चौराहे का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि उक्त गांजा तस्कर पुलिस द्वारा उसे बाइक पर बैठाने को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में सिपाही देवरावत व राजमल एक युवक को पकड़े हुए दिखाई पड़ रहे हैं। युवक पर गांजा तश्करी करने आरोप है। थानाध्यक्ष पंकज त्यागी ने बताया कि युवक के पास से लगभग 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वह आसपास के गांव में गांजा बेचने का काम करता है। मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## सार-संक्षेप

### भाकियू का आमरण अनशन कल

**रायबरेली, अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक शक्ति) ने आमरण अनशन की चेतावनी दी है। आगामी 15 जून को यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिलाल पंडा किसानों की समस्याओं को लेकर सरेनी क्षेत्र के नहर कोठी दुलापुर में अपने यूनियन के अन्य सदस्यों के साथ आमरण अनशन पर बैठेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि हमारे किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। किसानों को हमेशा कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। इस समय किसानों को सिचाई की काफी परेशनियां है नहरों में पानी नही है। इन सभी समस्याओं को लेकर 15 जून आमरण अनशन किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया शिव पार्वती मंदिर का 58वां स्थापना दिवस

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के मेन रोड स्थित शिव पार्वती मंदिर के 58 वे स्थापना दिवस पर यजमान राजू अग्रहरि ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की। मंदिर को फूल और रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया। समस्त धार्मिक अनुष्ठान दुर्गा पंडित ने संपन्न कराया। समारोह में कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावां कलाकारों ने राम दरबार, सिंदुरी हनूमान, राधा रानी, अर्धनारीश्वर बरसाने आदि की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही मानव में भक्ति भाव जागृति होता है। वही श्री गुप्त ने भक्तगणों के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। विशेष अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में समरसता आती है और मानव के जीवन में ऊर्जा का संचार होता हैं। इस अवसर पर बबलू सिंह, केसी गुप्ता, सुनील अग्रहरि, गौरव शुक्ला, विक्की सिंह, गौरव बढ़ावन, पुतान, किशन, प्रिंशु अग्रहरि आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### युवक ने की साइब्रर फ्रॉड की शिकायत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे से सटे अतरेहटा गांव निवासी विवेक यादव पुत्र विजय यादव ने ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के माध्यम से साइबर फ्राड की शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत के संदर्भ में उन्होंने बताया कि बीते बुधवार को उसके जानने वाले लोगों से व्हाट्सएप पर उसकी प्रोफाइल फोटो लगाकर दो फर्जी नंबर से वॉट्सऐप पर टेक्स्ट मैसेज करके बहाने बनाकर धोखे से पैसे मांगे गए हैं। फर्जी जालसाजों के चक्कर में आकर उनके परिचित दुर्गेश यादव ने दो हजार रुपए तो वही नीरज यादव ने पांच रुपए मेरी प्रोफाइल पर लगे वॉट्सएप मैसेज पर भेज भी दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क किनारे युवक का शव मिलने से हड़कंच

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित कुर्मियामऊ चौराहे के समीप शुक्रवार की अपराहन लोगों ने सड़क के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पंचायतनामें की कार्रवाई के उपरान्त शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मनोज (32) पुत्र नन्हकऊ निवासी आचार्य नगर, सूदन खेड़ा थाना लालगंज जनपद रायबरेली आज अपने मामा के गांव गम्भीपुर से वापस पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था, जिसकी सड़क के किनारे चलते चलते अचानक गिरने से मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मनोज की मृत्यु हीट स्ट्रोक से होना पाई जा रही है। मृत्यु का सही कारण तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ज्ञात होगा।

### व्यापारियों ने की श्रद्धांजलि सभा



स्थानीय दीप पैलसे में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद व्यापारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों एवं आम नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थानीय दीप पैलेस में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, संदीप जैन, जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, बलजीत सिंह मोंगा, त्रिलोचन सिंह नरूला, जसविंदर सिंह गांधी, हरभजन सिंह छाबड़ा, मंजीत सिंह मोंगा, गुरजीत सिंह तनेजा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, संतोष चेनानी, रामराज गिरी, विक्की सिंह आदि ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### सैकड़ों दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** अहमदाबाद में इंडियन एयरलाइंस का विमान क्रैश होने से मारे गए सैकड़ों यात्रियों के दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दर्दनाक हादसे ने सभी देशवासियों को झकझोर दिया है। इसको लेकर सरेनी विधान सभा क्षेत्र के लोगों ने प्रधानमंत्री से इसकी जांच करवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उर्फ रामू सिंह प्रधान पहुरी, अखिल भारतीय दर्जी महासभा के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत काकुस्थ, अखिलेश यादव, गुड्डू सिंह, अमन सिंह (राणा सुल्तान), चंदेव सिंह, सोहन लाल लोधी, मथुरा लोधी, नन्हकाउ सविता, छोटू प्रजापति, मुकेश उर्फ लल्लन बाजपेई, महेंद्र बाजपेई, शिशिर बाजपेई, अभिषेक काकुस्थ, अंकित काकुस्थ, दुर्गा गुप्ता, रोहित काकुस्थ, नीशू सिंह, शिवम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### राज्यपाल से रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग, भेजा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** कौशाम्बी के लोहंदा में नाबालिक रेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिये महारानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर (एमएलए) फाउंडेशन रायबरेली के द्वारा डीएम के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से संगठन की तरफ ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। पीड़िता को न्याय दिलाने तथा अपराध करने वाले के ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई तथा गरीब पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और निर्दोष ग्राम प्रधान भूपनारायण पाल व उनके परिवार पर लगाए गए फर्जी मुकदमें वापस लेकर उनके ऊपर रखे गए प्रशासनिक इनाम को रद्द किये जाने की मांग की गई। संगठन के प्रांतीय नेता पुष्कर पाल, संगठन के जिलाध्यक्ष राम सजीवन पाल, सभासद सुशील धनगर, रूपेश विश्वकर्मा पीड़ित बेटी को न्याय न मिलने पर वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में सभासद सुनीता पाल, राही प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाल, शिवकुमार नेता, राजू पाल, विजय कुमार, शारदा बघेल, राकेश पाल, देशराज प्रधान, अमरेंद्र कुमार, रंजीत पाल, अंजनी कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**श्रीमद्भागवत कथा** | प्रभु की कृपा से ही आते हैं मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे नेम जमुरवा बुजुर्ग में चल रहे भागवत कथा में गुरुवार को श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे।श्रीमद भागवत कथा व्यास शांतनु जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये थे, पहरेदार सो गये थे और रोहाणी नक्षत्र में हमारे नटखट नंदलाला का जन्म हुआ।

कथाव्यास ने भगवान के जन्म के महत्व को बताते हुए कहा कि दुष्टों को दलन करने के उद्देश्य से श्री हरि नारायण ने कृष्ण रूप में जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि कंस का अत्याचार चरम पर था। लोग त्राहिमाम कर रहे थे। इस अत्याचारी कंस के अंत के लिए भगवान द्वारा पूरा विधान रचित हो गया था। जिसके तहत माता देवकी के गर्भ से कारागार में ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। स्वामी जी ने कहा कि भगवान के जन्म लेते ही अत्याचारी कंस के अंत की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। कारागार का मुख्य द्वार भी खुल गया और वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को लेकर गोकुल पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जब-जब इस धरती पर पाप बढ़ता है किसी न किसी रूप में भगवान का जन्म होता है। अपने कथा में स्वामी जी ने भगवान भोले शंकर तथा माता पार्वती की शादी के प्रसंग का भी चर्चा करते हुए कहा कि इसमें भी प्रभू की विशेष लीला थी। वही कथा के दौरान नंदकिशोर भगवान कन्हइया का सुंदर झांकी भी दिखाया गया।



श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते कथाव्यास शांतनु जी महाराज व श्रद्धालु।

# श्री कबिरादान धाम में श्री रामचरित मानस पाठ आयोजित

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित प्रसिद्ध श्री कबिरादान में छठवां श्री रामचरितमानस पाठ आयोजित किया गया। शुक्रवार की सुबह आठ बजे विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ श्री रामचरितमानस पाठ शुरु हुआ। शनिवार को समापन पर हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है। कबीरादान सेवा समिति के सचिव कमल किशोर रावत ने बताया कि कबीरादान बाबा के इस सप्तधाम में एक महीने के अंदर यह छठवां श्री रामचरितमानस पाठ आयोजित किया गया है। आगामी 28 जून को सातवां श्री रामचरितमानस पाठ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कबीरादान बाबा के इस मन्दिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है, जिनके स्मरण मात्र से श्रद्धालुओं के संकट दूर हो जाते हैं। इस मौके बेचालाल,अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



श्री कबिरादान धाम में श्रीरामचरितमानस पाठ पढ़ते श्रद्धालु। अमृत विचार

# परमात्मा के सामने समर्पण करने से प्राप्त होता है सुखद परिणाम : गोपाल शास्त्री

हरचंदपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर श्री धाम वृंदावन से आयें कथा ब्यास पंडित गोपाल शास्त्री ने कृष्ण रुक्मिणी के विवाह का वर्णन किया।

उन्होंने कहा रुक्मिणी जी भगवान कृष्ण के अद्भुत रूप सौंदर्य का गुणगान सुनकर बिना देखे ही उन्हें मन ही मन अपना पति मान लेतीं हैं। परमात्मा के सामने समर्पण करने का सुखद परिणाम प्राप्त होता है। भगवताचार्य ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा भगवान के बाल सखा, सहपाठी सुदामा स्वाभिमानी ब्राह्मण है। दुख संकट के झंझावातों से घिरे सुदामा अपने मित्र कृष्ण के पास मदद के लिए जाने नहीं तैयार है। भगवान साधु वेश में उनके दरवाजे पर भिक्षा मांगने आते हैं।

सुदामा की पत्नी सुशीला कहती है हमारे घर में आपको देने के लिए कुछ भी नहीं है। तब भगवान सुशीला से कहते हैं जिसके मित्र स्वयं द्वारकाधीश हो वह कैसे गरीब हो सकता है। सुदामा भगवान के पास क्यों नहीं जाते हैं। पत्नी के समझाने पर सुदामा द्वारिका जाने के लिए तैयार हुए। सुदामा पत्नी से कहते है मित्र के पास खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। सुशीला घरों से चावल मांगकर लाती है। रास्ते में नाविक रूप में भगवान उन्हें नाव पर बैठाकर नदी पार कराते हैं। वहां का वैभव देख सुदामा चावल भेट करने में सकुचाते हैं। कृष्ण पोटली छीनकर दो मुट्ठी चावल खाकर दो लोक की सम्पत्ति दे देते हैं। कथा के दौरान कृष्ण रुक्मिणी, सुदामा की भव्य झांकी निकाली गयी। यजमान सपत्नीक पत्नी इंद्रेश कुमार चौरसिया, गायत्री चौरसिया ने व्यास पीठ का पूजन किया।इस मौके पर राज कुमार चौरसिया, रामदास चौरसिया, दीपक चौरसिया, हरि ओम, प्रेम शंकर, विक्रम, ऊषा, दीपिका, संजना, बिंदन, बिट्टो, सरोज, कोमल, कमला, नीलम, संदीप शर्मा, मुल्ली चौरसिया, अजय, अंजनी, रमाकांत, राजाराम चौरसिया आदि लोग मौजूद रहें।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका

सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डैनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे- जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है–डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी-बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979)में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वत: जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा'कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी- रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### एक दिवसीय प्राकृतिक खेती की कार्यशाला संपन्न

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को नमामि गंगे योजनान्तर्गत प्राकृतिक खेती पर एक कार्यशाला का आयोजन कृषक सभागर, निकट बिलग्राम चुंगी में किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अषोक सिंह ने बताया किइस पद्धति के कई महत्वपूर्ण लाभ है गौ आधारित प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं, जिससे फसलों की उत्पादकता में सुधार होता है। गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को लाभ पहुंचता है, बल्कि यह किसानों की आय में भी वृद्धि कर सकती है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि गौ आधरित प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस मौके पर सतीष कुमार उप कृषि निदेशक, सतीश कुमार पाठक जिला कृषि अधिकारी, सोनालिका सिंह यूनिट हेड सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### यातायात इंस्पेक्टर ने वाहनों के किए चालान, ऑटो सीज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेश पर जनपद में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में यातायात के प्रभारी निरीक्षक ने गुरुवार देर शाम बस स्टैंड चौराहा पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 90 बाइक चालकों के चालान किए गए। एक ऑटो सीज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय और यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दुबे ने बताया बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों की दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु हो जाती है। इसलिए दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाना चाहिए। चारपहिया वाहन चालकों को भी सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाना चाहिए। लोगों की जीवन की रक्षा के लिए ही यातायात अभियान चलाया जा रहा है।

### 16 को जनसुनवाई करेंगी महिला आयोग की सदस्य

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि 16 जून को सुबह 11 बजे राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह जनपद मे लोक निर्माण विभाग मे जनसुनवाई करेगी।

# गंदगी से पटी नालियां, बदहाल खड़ंजा मार्ग बारिश में बढ़ाएगा समस्या

समय तिवारी, अतरौली, हरदोई



कूड़ा व गंदगी से पटी गांव के अंदर की नाली।



गांव का बदहाल मुख्य खड़ंजा मार्ग व प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन कार्यालय से बस दो किलोमीटर दूर स्थिति छतिहा गांव में मुख्य सम्पर्क मार्ग का खड़ंजा से 15 वर्ष अधूरा पड़ा। मुख्य सम्पर्क मार्ग लगभग 1000 मीटर बना है, जो पूरी तरह से टूटा पड़ा है।

वर्तमान ब्लॉक प्रमुख का पैतृक गांव है, विकास की धारा से अछूता है। गांव-गांव का एक हजार मीटर का मुख्य सम्पर्क मार्ग का खड़ंजा खस्ताहाल है। बारिश के समय खंडजे से निकलना दूभर हो जाता है। ग्रामीणों को बरसात के दिनों में निकलने में होती है दिक्कत। ग्रामीणो ने इसके लिये कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन लीपा पोती कागजो पर कर दिया गया। धरातल पर कोई काम नहीं किया गया। कई बार विकास खण्ड के भरावन के जनप्रतिनिधियों विधायक, ब्लॉक प्रमुख को लिखित प्रार्थना पत्र दिया फिर भी मौन साधे रहे। ब्लॉक कार्यालय से जाजूपुर मुख्य सम्पर्क मार्ग से छतिहा गांव का खंडजा 15 वर्षो से उखड़ा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी ग्राम पंचायत मांझगांव के प्रधान 60 वर्ष से हमारे गांव के ही है। फिर भी गांव में विकास का कोई कार्य नहीं हो रहा। आये दिन ग्रामीण परेशानी से जूझते रहते हैं।



अतुल सिंह तोमर।



धीरेंद्र सिंह तोमर।



आलोक तोमर।



पवन सिंह।

## ग्रामीण बोले

**अतुल सिंह तोमर** ने बताया मुख्य सम्पर्क मार्ग के लिये लिखित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से किया गया लेकिन लीपा पोती करके फर्जी आदेश पारित कर दिया गया कि कार्य धरातल पर पूर्ण है।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष **धीरेन्द्र सिंह तोमर** ने बताया मुख्य सम्पर्क मार्ग के खंडजे से संबधित जन प्रतिनिधियों को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला कार्य नहीं हुआ।

**आलोक तोमर** ने बताया 1500 आबादी वाला गांव है और 15 वर्ष से परेशान है। बरसात के दिनों चारों तरफ पानी भर जाता है ग्रामीणों को निकलने में बहुत दिक्कत होती है।

**पवन सिंह** ने बताया स्कूली वाहनो को आने में दिक्कत होती है बच्चे साइकिल लेकर जाते है तो खस्ताहाल मार्ग से बहुत परेशानी होती है।

> गांव में नालियों की साफ-सफाई न होने और मुख्य मार्ग खड़ंजा बदहाल होने की जानकारी नहीं थी, जांच कराने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संपर्क मार्ग को ठीक कराया जाएगा।
> –**सुरेन्द्र सिंह राणा,** बीडीओ भरावन

# लोगों की पात्रता पूछकर कराएं लाभांवित

## जिलाधिकारी अनुनय झा ने जन सुनवाई में अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

संवाददाता, हरदोई



अनुनय झा, जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने कुल 108 जन शिकायतें सुनीं। जिनके तत्काल निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई।

डीएम ने कहा कि लोगों की पात्रता पूछकर पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। जनसुनवाई के दौरान एक फरियादी से वृद्धावस्था पेंशन के बारे में पूछा। फरियादी ने बताया कि उसकी पेंशन नहीं बनी है। इस पर डीएम ने तत्काल सम्बंधित समाज कल्याण विभाग के लिपिक को तलब किया। डीएम ने देरी से पहुंचने व जानकारी न होने पर उसका एक दिन का वेतन काटने तथा समाज कल्याण अधिकारी को सम्बंधित लिपिक को देरी से भेजने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजस्व से सम्बंधित शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अंश निर्धारण के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई की जाये। अविवादित वरासत का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। भूमि सम्बन्धी विवादों के मामले में उन्होंने कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामले का समाधान कराये। उन्होंने निर्देश दिया कि मृत्यु प्रमाणपत्र के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### लंबित प्रकरणों में अच्छी तरह से शासकीय पक्ष प्रस्तुत किया जाए

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत सरकारी अधिवक्ताओं से परिचय के साथ हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोर्ट में लंबित प्रकरणों में अच्छी तरह से शासकीय पक्ष प्रस्तुत किया जाये। जिलाधिकारी ने लंबित वादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि पुराने लंबित प्रकरणों पर अच्छी तरह से पैरवी की जाये। पुराने वादों की प्रकृति के अनुसार अधिवक्ता वार सूची बना ली जाये। सरकारी जमीनों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाये। रानी लक्ष्मी बाई योजना से सम्बंधित मामलों को तेजी से निस्तारण कराने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। इस अवसर पर अपर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्थाई व अस्थाई दस्तावेजों को अलग-अलग सूचीबद्ध कराएं



कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**डीएम ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट परिसर का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आपदा प्रबंधन कक्ष को देखा। उन्होंने कहा कि आपदा कंट्रोल रूम का आवश्यकतानुसार अन्य आकस्मिक उद्देश्यों के रूप में किया जाये। उन्होंने पूछा कि कक्ष में लगे सभी एलईडी स्क्रीन सक्रिय हैं या नहीं। इस पर कर्मचारियों ने बताया कि सभी स्क्रीन सक्रिय हैं। जिलाधिकारी आपदा कक्ष की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आये। यहां से वह शस्त्र अनुभाग पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी अभिलेखागार को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि दस्तावेजों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाये। स्थाई व अस्थाई दस्तावेजों को अलग-अलग सूचीबद्ध किया जाये। इसके उपरांत उन्होंने संयुक्त हॉल की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने यहां कार्यरत कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पटल पर कार्यरत कर्मचारियों की नेमप्लेट लगवाई जाये। नाजिर कक्ष के निरीक्षण में उन्होंने कहा कि पुरानी व ख़राब आलमारियों को बदला जाये। संयुक्त हॉल के बाहर लगे नोटिस बोर्ड को बदलने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रक्तदान एक पुनीत कार्य : प्रेमावती

संवाददाता, हरदोई



रक्तदान करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को बार एसोसिएशन द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने रक्तदान की महत्ता बताते हुए लोगों को रक्तदान को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जिससे समाज का हित होता है और अनेक मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. अजय अस्थाना ने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की हानि नहीं होती, जितना रक्तदान किया जाता है उतना शरीर में पुनः निर्मित हो जाता है। इस दौरान न्यायालय परिसर में रक्तदाताओं की सुविधा के लिए विशेषज्ञों के साथ वैन भी मौजूद रही। गोष्ठी को डॉ. संदीप कटियार डॉ पवन गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामेंद्र सिंह तोमर, पूर्व महामंत्री अजय द्विवेदी, जेपी त्रिवेदी, अधिवक्ता सुधीर यादव, शिवमोहन शुक्ला एवं अन्य अधिवक्ता तथा संघ के वरिष्ठ लिपिक पवन अग्निहोत्री, विशाल त्रिपाठी व संजय सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान को बेदखल करने का आदेश, क्षतिपूर्ति भी देनी पड़ेगी

संवाददाता, कछौना, हरदोई,

**सख्ती**

▸▸ **सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे करने के मामले में तहसील कोर्ट का फैसला**

**अमृत विचार।** सण्डीला तहसील में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। तहसील न्यायालय ने पूर्व प्रधान को बेदखल करने का आदेश दिया है। मामला सण्डीला तहसील के ग्राम लोन्हारा का है। यहां गाटा संख्या 5187 की 0.0216 हेक्टेयर जमीन पर कृष्ण कान्त सिंह ने पक्का मकान बना लिया। यह जमीन राजस्व अभिलेखों में रास्ते के रूप में दर्ज है। कृष्ण कान्त सिंह ग्राम नैरा मजरा लोन्हारा के निवासी हैं। क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट के बाद प्रतिवादी को नोटिस जारी किया गया। कई तिथियों तक प्रतिवादी ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। लेखपाल ने अपने बयान में पुष्टि की कि जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है तहसील न्यायालय की न्यायाधीश आकांक्षा जोशी ने 30 मई को अपना फैसला सुनाया। आदेश में कहा गया कि प्रतिवादी को जमीन से बेदखल किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के अनुसार 7,776 रुपए क्षतिपूर्ति और 100 रुपए निष्पादन शुल्क, कुल 7,876 रुपए जमा करने का आदेश दिया गया है। क्षतिपूर्ति की राशि की गणना 24 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से की गई है।

### शानदार बल्लेबाजी से एप्टेक-11 बनीं विजेता

**हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को नव युग सेवा संस्थान लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच एप्टेक कंप्यूटर्स-11 और परफेक्ट मोबाइल्स -11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी.करते हुए परफेक्ट मोबाइल्स-11 की टीम ने 25 ओवरों में 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एप्टेक-11 की टीम ने 23 .1 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एप्टेक-11 की तरफ से पवन गुजराती ने 37 रन, ऋ षभ सिंह 25 व डुग्गू ने 16 रन बनाए।

# धूप व गर्मी से फेरी लगाने वाले युवक की मौत



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**हरदोई, मल्लावां, अमृत विचार।** कन्नौज निवासी युवक मल्लावां में किराए के मकान में रहकर गांव-गांव फेरी लगाता था। गुरुवार की सुबह युवक फेरी लगा रहा था, उसी बीच तेज धूप व गर्मी के चलते उसे चक्कर आ गया और वह गिर पड़ा, कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार कन्नौज के ठठिया निवासी 40 वर्षीय पातीराम अपनी मां भूरी और छोटे भाई प्रदीप के साथ मल्लावां कोतवाली के कटरा में किराए के मकान में रह रहा था, वह गांवों में फेरी लगाकर घरेलू सामान बेचता था। गुरुवार की सुबह पातीराम फेरी पर निकला था, लेकिन दोपहर बाद तक वापस नहीं लौटा। भाई प्रदीप ने बताया कि वह पातीराम को ढूंढ रहा था, उसी बीच पता चला कि उसका भाई मल्लावां-कन्नौज रोड पर मीरनगर के पास गिरा पड़ा है। प्रदीप वहां पहुंचा तो लोगों ने बताया कि चक्कर आने से गिर पड़ा और वहीं पर उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि तेज धूप व गर्मी की चपेट में आने से पातीराम की मौत हुई। प्रदीप ने बताया कि उसके भाई की शादी हो चुकी थी, करीब 10 साल पहले पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी।

**मौसम का असर** | मौसम में आई चार डिग्री गिरावट लेकिन गर्म हवाओं ने पूरे दिन किया परेशान

# सूर्यदेव की लुकाछिपी ने दिलाई गर्मी से राहत

संवाददाता, हरदोई



धूप से बचाव कर जाती स्कूटी सवार युवती।

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम | हवा (किमी/घंटा) |
|---|---|---|---|
| 13 जून | 30.0 | 38.5 | 6 |
| 12 जून | 29.5 | 42.5 | 6 |
| 11 जून | 30.5 | 40.0 | 4 |
| 10 जून | 30.0 | 41.5 | 2 |

नोट- तापमान (डिग्री सेल्शियस में)



**अमृत विचार।** शुक्रवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन बीच-बीच में सूर्य व बादलों की लुकाछिपी चलती रही। इससे चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। हवाओं में कोई अंतर देखने को नहीं मिला। तेज गर्म हवाओं ने सड़कों पर निकलने वाले राहगीरों को परेशान कर दिया। राहगीर सिर पर अंगोछा, टोपी और छाता लेकर नजर आए। साइकिल और बाइक चालकों को तपती सड़कें और गर्म हवाएं पूरी तरह परेशान करती रहीं। उधर गर्मी में बिजली की कटौती से घरों रह रही महिलाओं व बच्चों को बेहाल कर दिया।

मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया कि धूप में बाहर जाने से बचें, बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए गस वाहन में न छोड़े, दोपहर के समय बाहरकी गतिविधियां से बचें। प्रभारी मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का न्यूनतम तापमान 30.0 व अधिकतम 38.5 डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया। गर्म हवाएं छह किलोमीटर प्रति घंटा से चलती रहीं। सुबह की आर्द्रता 73 व शाम की 57 प्रतिशत रही।

### एसपी ने दो एसआई को किया निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी ने रिश्वतखोरी और झूठ-फरेब में शामिल अतरौली और कासिमपुर थाने में तैनात एसआई को निलंबित कर जांच के आदेश दिए हैं। एसपी नीरज कुमार जादौन ने कासिमपुर थाने में तैनात उत्तम कुमार को निलंबित करते हुए सीओ बघौली को जांच कर 7 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। एसआई उत्तम कुमार पर आरोप है कि उन्होने आईजीआरएस के पोर्टल पर झूठी और गलत रिपोर्ट भेजी थी। एसपी ने आईजीआरएस के प्रभारी की शिकायत पर निलंबित कर जांच के आदेश दिए है। वहीं अतरौली थाने में तैनात एसआई अरविंद यादव ने एक मामले में चार्जशीट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। आरोपों की जांच सीओ सण्डीला संतोष कुमार सिंह ने की। दोषी पाए जाने पर एसपी ने एसआई अरविन्द यादव को निलंबित कर दिया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSIONS NOW!

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

# सड़क पार कर रहे युवक की वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता, नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** फैक्ट्री में मजदूरी करने आए दिल्ली निवासी युवक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

नई दिल्ली मध्य के पटेल नगर थाना क्षेत्र के बलजीत नगर मोहल्ला निवासी अभदिश प्रसाद (32) पुत्र नंद किशोर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित फैक्ट्री के सामने शुक्रवार सुबह पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी उसे अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री के सुपरवाइजर सर्वेश तिवारी ने बताया युवक दो दिन पहले काम मांगने आया था। सुबह किसी काम से फैक्ट्री से निकलकर सड़क पार कर रहा था। तभी वह हादसे का शिकार हो गया। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।



हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल: शुक्लागंज, अमृत विचार।** शुक्रवार शाम आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवकों को सीधी टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और कार को कब्जे में लिया है। सदर कोतवाली के हिंदू खेड़ा निवासी शिवम और निशांत कुशवाहा के साथ बाइक से मरहला चौराहे से हाइवे की ओर जा रहे थे, तभी आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास सामने से आ रही कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर निवासी जुगल किशोर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। दुघटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। दोनों युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

## युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगत नगर निवासी शिशुपाल (18) पुत्र कमलेश अपने खेत में मक्का की फसल काट रहे मजदूरों को पानी देने शुक्रवार शाम को पैदल जा रहा था। तभी तेज रफ़्तार बाइक ने शिशुपाल के टक्कर मार दी। टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक सवार अनुज पाल (18) पुत्र राजबहादुर व गोबिंद पुत्र रामशंकर निवासी गांव नानामऊ बिल्हौर भी सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को मिली छह माह की सजा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी रईस पुत्र अनीस को 5 साल पहले गांजा बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने रईस को आधा किलो गांजा के साथ पकड़ा था, जिसके बाद 2020 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष और पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को रईस को दोषी ठहराते हुए उसे 6 माह की सजा और 2 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया। कोर्ट ने यह फैसला अभियोजन विभाग और विवेचक की बेहतर पैरवी के चलते सुनाया। आरोपी को जेल भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### सभासदों ने की बढ़ी दरों को खारिज करने की मांग

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगरपालिका द्वारा बोर्ड में पारित प्रस्ताव के विपरीत गृहकर की दर साढ़े चार गुना बढ़ाकर अंतिम प्रकाशन कराया गया है। नगर पालिका के सभासदों ने पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजकर बोर्ड बैठक में प्रस्तावित दरों को ही लागू करने की मांग की है। नगर पालिका बोर्ड के आशीष, राहुल शुक्ला, अनिल, वीरपाल, सुनील, पप्पू कुशवाहा, आफाक व तौफीक आदि ने अध्यक्ष रामजी गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता को दिये पत्र में कहा कि उप्र नगर पालिका नियमावली–2024 के अंतर्गत भवन व भूमि और दोनों के मासिक किराया दरों के निर्धारण हेतु पालिका बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुरूप बीती 8 जनवरी–2025 को अंतिम प्रकाशन किया गया था। इन दरों को बीती एक अप्रैल–2025 लागू किया जाना था। किंतु पालिका द्वारा बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के विपरीत बीती 31 मई–2025 को मासिक किराया दरों के संदर्भ में पुन: एक विज्ञप्ति दो समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई है। जो बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्तावित दरों से भिन्न है और दोनों की दरों में काफी विरोधाभास है।

### सड़क पर बेहोश मिले अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर कृष्णा हॉस्पिटल के पास एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति बेहोशी की हालत में बुधवार को सड़क पर पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी जानकारी डॉयल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन देर रात करीब 08 :40 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान न हो पाने के कारण शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। पश्चिमी चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और कोशिश की जा रही है कि किसी तरह उसका परिवार सामने आ सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण का स्पष्ट पता चलेगा।

### महिला से मारपीट, दो नामजद समेत सात पर केस दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में शुक्रवार सुबह एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता शिववती की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शिववती ने बताया कि सुबह करीब 9 :30 बजे गांव के विजय कुमार और उमेश गाली–गलौज कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और पीड़िता की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### पुरानी रंजिश में तीन भाइयों को पीटा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर बी मोहल्ले में गुरुवार रात पुरानी रंजिश को लेकर तीन भाइयों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित शिवम तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवम तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे मोहल्ले के रहने वाले निशांत तिवारी, मोनू, अनुपम तिवारी और एक अज्ञात युवक ने पुरानी रंजिश के चलते गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने शिवम की पिटाई कर दी। मारपीट होता देख बीच–बचाव के लिए शिवम के भाई पवन और उत्तम भी पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया।

## दुकान में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**नवाबगंज, उन्नाव।** गांव के बाहर बनी अपनी मार्केट की एक दुकान में फाइनेंस कंपनी के एजेंट रहे युवक ने फंदे लटककर जान दे दी। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। अजगैन कोतवाली अंतर्गत भौली गांव निवासी आशीष सिंह (45) पुत्र सुरेंद्र की गांव के बाहर सड़क किनारे मार्केट बनी है। जिसकी एक दुकान में उसने अपना ऑफिस बना रखा है। वह एक फाइनेंस कंपनी का एजेंट भी था और उसने उसकी फ्रेंचाइजी ले रखी थी। गुरुवार दोपहर रोज की तरह वह घर से मार्केट आया था। लेकिन देरशाम तक वापस नहीं लौटा। बेटा रौनक पिता को बुलाने मार्केट आया तो पिता को फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पड़ोसी व परिजन दौड़े और उसके जीवित होने की आस में फंदा काटकर सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

## अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्य समेत करीब कई लोग जान गंवा बैठे। इस दुखद घटना के बाद, शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने गांधी चौक पर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयंक बाजपेयी, पुत्तीलाल वर्मा, राम किशोर पाल, संजय सिंह, शशीकांत सिंह, रविशंकर गुप्ता, इशिका, ओजस्वी, अनुष्का, आरव, समृद्धि और स्वल्पा बाजपेयी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेताओं ने हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक सभा में हादसे के कारणों की जांच की मांग भी उठाई गई।

## अहेसा गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** मौरावां थानाक्षेत्र के अहेसा गांव में शराब के लती युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें मौत का सही कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। मौरावां थाना क्षेत्र के अहेसा गांव निवासी कमलेश (32) पुत्र भगाने लाल मजदूरी करता था। वह शराब का भी लती था। अक्सर वह गांव के आसपास बिकने वाली अवैध शराब पीता था। बीती शाम वह स्वास्थ्य खराब होने पर पड़ोसी गांव बरदहा स्थित एक झोलाछाप से दवा लाया था। इसके बाद वह गांव के बाजार से अवैध शराब पीकर घर लौटा। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी मौत से पत्नी बिटोल का रो–रोकर बेहाल है। उसके पांच बच्चों में बेटे आशीष (13), सतीश ( 7), बेटी पायल (10) व पलक (5) हैं। ग्रामीण उसकी मौत की वजह गांव में बिकने वाली अवैध शराब को मान रहे हैं।

## चकबंदी कानूनगो का पंचायत भवन में मिला शव, जांच शुरू

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर क्षेत्र कोतवाली के सलिंद गांव के पंचायत घर में रहकर चकबंदी कानूनगो का शव शुक्रवार की शाम उनके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों शव मिलने से सनसनी फैल गयी। काम के सिलसिले में मिलने गए ग्रामीण ने उसमें कोई हरकत होता न देख एसडीएम को सूचना देकर एम्बुलेंस से सीएचसी ले गया।जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर पड़ताल में जुट गई है। सीतापुर जनपद के थाना ताल गांव के गांव कहिमारा माखपुर निवासी जगदीश प्रसाद(50) पुत्र सरजू प्रसाद चकबंदी विभाग में कानूनगो के पद पर तैनात थे।तहसील क्षेत्र के देवगांव परगना में चल रहे चकबंदी कार्य को पड़ोस के सलीन्द गांव स्थित पंचायत घर मे पिछले एक माह से रहकर विभागीय कार्य निपटा रहे थे।शुक्रवार को वह क्षेत्र से कार्य निपटा शाम को। पंचायत घर लौट आये थे। देर शाम गांव का युवक शुभम यादव चकबंदी संबंधी काम के सिलसिले में उनसे मिलने गया था। कई बार आवाज के बाद भी कोई उत्तर नहीं मिला। पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से सीएचसी के जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।एसओ एसएन त्रिपाठी ने हार्टअटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

# माइनर में मिला युवक का शव, दूसरी पत्नी और साले पर हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

▶▶ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** खेत पर गए युवक का शव माइनर में पड़ा मिला। युवक ने दो शादियां कर रखी थी। उसकी पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी व उसके भाई पर हत्या करने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी चोरी-छिपे शव जलाने के लिए उठा ले गए थे। लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सुरसा थाने के दलेलपुर निवासी शांति स्वरूप खेती-बाड़ी करता था। गुरुवार को वह खेत पर गया था। काफी देर बाद तक वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे। भाई रघुनंदन ने बताया कि शांति स्वरूप का शव खेत के पास निकले माइनर में पड़ा मिला था। उसकी नाक और मुंह से खून निकल रहा था। रघुनंदन के अनुसार शांति स्वरूप की पहली शादी सुशीला के साथ हुई थी। उसके एक बेटा रंजीत व बेटी रूबी है। साल 2014 में आपसी झगड़ा होने पर शांति स्वरूप ने उसे छोड़ दिया था। सुशीला अपने दोनों बच्चों के साथ बिलग्राम कोतवाली के सदरियापुर मे रहने लगी। उसके बाद साल 2016 में शांति स्वरूप ने घोंघ थाना साण्डी की अनीता के साथ दूसरी शादी कर ली, लेकिन उसके कोई बच्चे नहीं हुए। पहली पत्नी सुशीला का आरोप है कि दूसरी पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर शांति स्वरूप की हत्या कर शव माइनर में फेंक दिया। उसके बाद चोरी-छिपे शव जलाने के लिए ले जा रहे थे। लेकिन उसी बीच यूपी-112 पर काल कर पुलिस बुला ली गई।

### खेत हड़पने को साजिश के तहत की गई हत्या

मृतक शांति स्वरूप की पहली पत्नी सुशीला का कहना हैकि उसके पति के हिस्से में 9 बीघा खेत है, चूंकि दूसरी पत्नी के बच्चे नहीं है, इसी लिए उसे डर था कि शांति स्वरूप उसके बेटे रंजीत को सारी जायदाद दे देगा। इसीलिए खेत हड़पने की साजिश की गई और वारदात को अंजाम तक पहुंचाया गया।

## सड़क हादसे में ससुर की मौत, दामाद घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** जरौली नेवादा मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार ससुर की मौत हो गई जबकि दामाद घायल हो गया। घटना गुरुवार की देर रात की है। मृतक घुरई मितमितपुर थाना सांडी के रहने वाले थे। वह अपने दामाद प्रमोद के साथ बिलग्राम मोटरसाइकिल एजेंसी से बाइक का नंबर लेकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार 52 वर्षीय घुरई की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद दामाद प्रमोद (35) घायल हो गया। घायल प्रमोद का इलाज चल रहा है। पुलिस ने घुरई के शव को कब्जे में लेकर पंपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



# वृद्ध ने खुद को लगाई आग, मौत

संवाददाता, हरदोई



रोते बिलखते मृतक के परिजन।

**निराशा**

▶▶ दो शादियां करने के बाद भी औलाद न होने से परेशान था बुजुर्ग

▶▶ कासिमपुर थाने के सरेहरी गांव में हुआ हैरान करने वाला हादसा

▶▶ पुलिस ने कहा, नहीं है ऐसे मामले की जानकारी

**अमृत विचार।** 75 साल के बुजुर्ग ने अपने घर के आंगन में चारपाई पर लेटकर खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। कासिमपुर थाने के सरेहरी गांव में हुए हैरान करने वाले हादसे का पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि उसे ऐसी कोई जानकारी नहीं है,तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि कासिमपुर थाने के सरेहरी निवासी 75 वर्षीय नरपति खेती-बाड़ी करता था। शुक्रवार की सुबह नरपति अपने आंगन में चारपाई पर लेटा हुआ था,वहीं उसने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। आग की लपटों से घिरे बुज़ुर्ग की चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर सारे लोग दौड़ पड़े। गांव वालों ने दमकल को सूचना दी, लेकिन उसके आने से कुछ ही पहले बुरी तरह झुलसे बुज़ुर्ग की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। जैसा कि बताया गया है कि नरपति की शादी हुई, लेकिन कई बालों बाद उसके कोई औलाद नहीं हुई,उसने पत्नी की रज़ामंदी पर दूसरी शादी की,लेकिन किस्मत की बात उसकी दूसरी पत्नी के भी कोई औलाद नहीं हुई,उसके बाद नरपति को ऐसा सदमा पहुंचा कि वह बीमार पड़ गया। गांव वालों का कहना है कि उसने आपस में बातचीत करना तक बंद कर दिया था। हैरान करने वाले हादसे की खबर सुन कर वहां आस-पड़ोस के गांव वाले भी पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि उसे ऐसे किसी मामले की कोई जानकारी नहीं है, तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की शारदा नहर में डूबकर मौत

**हरदोई, कछौना, अमृत विचार।** युवक की शारदा नहर में डूबने से मौत हो गई। कछौना कोतवाली के लालपुर मजरा त्यौरी मतुआ निवासी 28 वर्षीय गौरव सिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह निजी कंपनी में नौकरी करता था। शुक्रवार की दोपहर वह लखनऊ ब्रांच की शारदा नहर के किनारे शौच को जा रहा था, उसी बीच अचानक उसका पैर फिसल गया। उसे नहर में गिरते देख कर मौजूद लोगों ने उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी, गौरव को नहर से निकाल कर उसे सीएचसी कछौना ले जाया जा रहा था,उसी बीच उसकी मौत हो गई। गौरव का एक बेटा युवराज व एक बेटी अनाया है,सारे घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।



## किसानों ने चठिया पॉवर हाउस का किया घेराव

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** चठिया पावरहाउस उपकेंद्र से जुड़े गांवों के घरों में लो वोल्टेज और विद्युत समस्या को लेकर किसानों ने शुक्रवार को पॉवर हाउस का घेराव किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने ज्ञापन सौंपा। भाकियू अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में अघोषित कटौती से ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए पावरहाउस का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की समस्याएं सुनने के लिए धरनास्थल पर अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई चठिया मौके पर पहुंचे। लेकिन संतोषजनक निस्तारण न हो सका। जिसके बाद किसानों ने चठिया पावर हाउस में धरना पर बैठे हुए हैं।

# प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय और नगर पालिका परिषद में शोक सभाओं का आयोजन किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री अमलेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष देवेंद्र विक्रम सिंह उतरा, कुंवर अजीत सिंह चंदेल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष तुषार दीक्षित, सोशल मीडिया मीडिया प्रभारी महताब अहमद, ममता पाल, इस्लाम गाजी, विनोद यादव, उम्रदराज खां सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय पर अहमदाबाद में हुई दुखद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं संग 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, जिला मंत्री अजय शुक्ला, सत्यम शुक्ला व सनी दीक्षित सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के पं. दीन दयाल उपाध्याय सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर द्वारा शोक सभा की गई। इस अवसर पर सभासद अजय शर्मा, अमित त्रिवेदी, धर्मरूचि सिंह, अभिषेक मिश्रा सभासद प्रतिनिधि राजीव सिंह, पुनीत मिश्रा, संतोष सैनी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि इस दुःखद घड़ी में हम सब अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। यह एक हृदयविदारक घटना है, जिसने हमें स्तब्ध कर दिया है।





जिला पार्टी कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# चोरी व लूटपाट में चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी और टप्पेबाजी की घटनाओं के मामलों में कोतवाली पुलिस ने चोरी के जेवरात,नगदी और घटना में प्रयुक्त कार और दो महिलाओं सहित चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय थाना शाहाबाद ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग क्षेत्र में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार कुछ लोगों को पकड़ा। जिनकी पहचान सनी निवासी ग्राम गेसुपुर थाना सिकन्दराबाद जनपद बुलन्दशहर, रिंकू निवासी ग्राम जोगीपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़, ममता पत्नी रिंकू निवासी ग्राम अनूप शहर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर-हाल पता निवासी ग्राम जोगीपुरा थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ और अनीता पत्नी अनिल निवासी ग्राम अनूपशहर के रूप में हुई। जांच पड़ताल के दौरान आरोपियों के पास से चोरी का जेवर, 2,60,000 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त वाहन (ईको वैन) बरामद किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी व लूट की एक दर्जन से अधिक घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। जिनमें लोगों को कार में लिफ्ट देने के बहाने रास्ते में लूटपाट करना भी शामिल है।



पुलिस गिरफ्त में शातिर चोर। अमृत विचार

**मामला** आरपीएफ ने वेंडरों को बताया अवैध, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने नहीं दी जानकारी

# ट्रेन से पानी ढोने के मामले को दबाने का प्रयास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पंजाब मेल में चढ़ाये जा रहे अवैध पानी की पेटियों के मामले में आरपीएफ द्वारा मंडल रेल अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर सीएमआई अंबुज मिश्रा द्वारा पंजाब मेल में अवैध पानी की बेटियों को चढ़ाने से पहले ही दो वेंडरो को पकड़ा था जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध पानी बरामद हुआ था। इस संदर्भ में जब आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक से जानकारी ली गई थी तो उन्होंने पानी की मात्रा बताने से इनकार कर दिया था। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक ने दो वेंडर के गिरफ्तार होने और उन पर रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत अभियोग पंजीकृत होने की बात कही थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर मंडल रेल प्रबंधक के ऑफिशियल अकाउंट से जारी बयान में आरपीएफ द्वारा किए गए खेल को कुछ हद तक साफ कर दिया है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने कहा- दर्ज किया गया केस

**हरदोई, अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह के ऑफिशियल अकाउंट से जारी बयान में यह बताया गया कि 9 .6 .2025 को दो अवैध वेंडर पकड़े गए हैं जो अवैध पानी की बोतल बेच रहे थे उनके विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिससे यह स्पष्ट है कि मामले में बड़ा गोलमाल किया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यह स्पष्ट है कि सीएमआई द्वारा पकड़े गए दोनों वेंडर पंजाब मेल ट्रेन के थे और पैंटी कार से उतरते हुए वायरल वीडियो में नजर भी आ रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में यह भी स्पष्ट है कि सीएमआई द्वारा पकड़े गए दोनों वेंडर पानी की बोतल को पंजाब मेल ट्रेन की पैंटी में चढ़ाने जा रहे थे, तभी पैंटी कार के गेट पर ही उनको पकड़ लिया गया। अब देखने वाली बात यह होगी क्या आरपीएफ के उच्च अधिकारी इस मामले में संज्ञान लेकर कोई ठोस कार्रवाई करेंगे या फिर इस मामले को यूं ही दबा दिया जाएगा।



## भीषण गर्मी में भी स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर नहीं लग सका वाटर कूलर

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। उमस के साथ गर्मी ने लोगों की परेशानी को काफी बढ़ा दिया है। लेकिन इस भीषण गर्मी में भी रेल यात्रियों के लिए हरदोई स्टेशन पर पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। एक ओर जहां स्टेशन पर लगे वाटर कूलर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। वहीं नवनिर्मित प्लेटफार्म तीन पर बने स्थान पर वाटर कूलर नहीं लगाया गया है। जिसे चलते यात्रियों को वेंडरों से पैसे देकर ठंडा पानी खरीदना पड़ रहा है। प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर अब तक वाटर कूलर नहीं लगा है। जबकि शाहजहांपुर की ओर से आने वाली अधिकांश ट्रेने प्लेटफार्म संख्या तीन पर ही आती हैं। यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या चार पर लगा वाटर कूलर भी ठंडा पानी नहीं दे रहा है। यात्रियों ने बताया कि वाटर कूलर न लगे होने से 15 से 20 रुपए में पानी की ठंडी बोतल खरीदनी पड़ रही है। यात्रियों ने कहा कि रेल अधिकारी जानबूझ कर वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं कराते, ताकि पानी की बोतलें बेचने वाले वेंडरों व ठेकेदारों से कमीशन मिल सके।

## नदी में डूब रहे चार को बचाया, किशोर लापता

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार अंतर्गत मां कामाख्या घाट पर शुक्रवार दोपहर गोमती नदी में स्नान कर रहे पांच लोग अचानक डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने चार को बचा लिया जबकि किशोर गहरे पानी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से पुलिस नदी में किशोर की तलाश कर रही है। गोमती नदी में शुक्रवार को अनुराग (18) निवासी मंगलसी रौनाही, ऋषभ (18), रवि (16), अनुज (17) सभी निवासी इनायतनगर व सौरभ (17) कामाख्या घाट पर नहा रहे थे। सौरभ (17) पुत्र राजेंद्र निवासी फत्तेपुर सुल्तानपुर की तलाश जारी है।

# 'अपनों' को अंतिम विदाई देने में झुलस रहा 'अपनों' का शरीर

## परियर गंगा तट पर अंतिम संस्कार में पहुंचने वालों को नहीं मिल रही छांव



ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे बैठकर धूप से बचाव करते अंतिम संस्कार में आए लोग।


कड़ी धूप में गंगा तट पर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करते लोग। अमृत विचार

**फजीहत**

भीषण गर्मी में तीन से चार घंटे खड़े रहने को मजबूर हैं लोग

रवि मिश्रा, परियर, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गंगातट के पास बने श्मशान घाट में अपनों के शवों के अंतिम संस्कार में शामिल होने को आने वालों को 44 डिग्री की तपन में अपने शरीर को झुलसाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस विकराल गर्मी में मजबूरन उन्हें कड़ी धूप में 3 से 4 घंटे खड़े रहकर अपनों के शवों का अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। इससे कई लोग बीमार तक हो रहे हैं। लेकिन, इस गंभीर समस्या की ओर स्थानीय से लेकर जिला प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

बता दें कि परियर गंगातट स्थित श्मशान घाट में छांव की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां तक इस स्थान पर कोई छायादार वृक्ष भी नहीं है। इससे अपनों के अंतिम संस्कार में आए लोग या तो धूप में घंटों तक खड़े होकर शरीर झुलसाते हैं या फिर ट्रैक्टर की ट्राली आदि के नीचे बैठकर धूप से बचाव करते हैं। लेकिन, जो लोग मृतक के परिवार के होते हैं उन्हें तो अंतिम संस्कार के अंत तक वहां रुकना ही होता है। ऐसे में वे भूखे प्यासे रहकर इस जानलेवा धूप में खड़े रहकर मजबूरी में अंतिम संस्कार करते हैं। जिससे वह बीमार तक हो रहे हैं। इस गंगातट पर आमजन के अलावा अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधित भी पहुंचते हैं लेकिन, वे भी सिर्फ फर्ज अदायगी कर चले जाते हैं। ऐसे में इस गंभीर समस्या की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। उधर, इस मामले में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से बात कर इसका निदान कराया जाएगा। वहीं, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने कहा कि जल्द ही श्मशान घाट में छाया, पीने के पानी व लोगों के बैठने की व्यवस्था करवाई जाएगी।

**खंडहर हो चुका पूर्व में बना श्मशान घाट**

गंगातट से कुछ दूरी पर करीब एक दशक पूर्व टीनशेड लगाने के साथ ही स्नान घर व शव के दाह संस्कार करने को स्थान बनाया गया था। लेकिन, अब वह पूरी तरह से खंडहर हो गया है। जिससे अब वहां कोई नहीं जाता है।

**दूर-दूर से अपनों का अंतिम संस्कार करने आते हैं लोग**

परियर क्षेत्र के अलावा यहां पर कई किलोमीटर दूर बसे गावों में माखी, कोरारी, सफीपुर, चकलवंशी, रसूलाबाद आदि से लोग अपनों के शव लेकर यहां आते हैं। लेकिन, कोई सुविधा न होने से वे इसका जिम्मेदार जिला प्रशासन को ही ठहराते हैं। इन गावों से आए लोगों ने बताया कि श्मशान घाट पर व्याप्त अव्यवस्था के उन लोगों इस जानलेवा धूप में अंतिम संस्कार की रस्म पूरी करनी पड़ रही है।

**शिकायत के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार**

बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा ने बताया कि इसे लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर श्मशान घाट की व्यवस्था सही कराने की मांग की गई है। किंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## नार्मल स्कूल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**उन्नाव, अमृत विचार।** अभ्युदय सांस्कृतिक मंच का नौवां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शनिवार देर शाम आठ बजे से शहर के नार्मल स्कूल मैदान में होगा। आयोजक व संस्था अध्यक्ष प्रभात सिन्हा ने बताया कि यह कवि सम्मेलन देश के वीर सैनिकों को संपर्पित किया गया है। जिसमें ओज के प्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पवार, हास्य व्यंग्य के सर्वेश अस्थाना सहित विदेशों में अपने गीतों से उन्नाव की पहचान बना चुके स्वयं श्रीवास्तव आदि कवि काव्य पाठ करेंगे। कवि सम्मेलन की शुरुआत सम्मान समारोह से होगी। जिसमें पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान होगा।

# सभी विभाग समन्वय बना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बनाएं सफलः डीएम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी के नेतृत्व में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाए जाने की तैयारी को लेकर बैठक आयुष विभाग द्वारा आयोजित हुई। आयुर्वेद व यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि 15 जून से योग सप्ताह का कार्यक्रम हर तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, पार्कों, विद्यालय आदि में आयोजित है।

सरकार द्वारा निर्धारित थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। जिलास्तर पर चार गतिविधियां निर्धारित की गई हैं जिसमें योग संगम, योग पार्क, योग अनप्लग्ड व हरित योग है। डीएम ने कहा सभी विभाग समन्वय बना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाएं। सीडीओ कृति राज ने कहा सभी विभाग योग संगम पोर्टल और आयुष कवच एप आईवाई डी पर डाउनलोड कराने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार पांडे, आशीष कुमार, संगीता सिंह, परमात्मा शरण, अरुणेश कुमार, डॉ. रचना, भरत कुमार, मंजू मूर्ति शर्मा, डॉ. बिन्देश्वरूप यादव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. यूपी तिवारी, आलोक पटवा आदि उपस्थित रहे।

# नहर किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में गांव शादीपुर के पास स्थित शारदा नहर किनारे झाड़ियों में युवक का कई दिन पुराना शव बरामद हुआ है। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव शादीपुर के पास स्थित शारदा नहर किनारे झाड़ियों में कई दिन पुराना शव देखा। इसकी खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के काफी प्रयासों के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना है और उससे तेज दुर्गंध उठ रही है। ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव झाड़ियों में छिपाने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस सोशल मीडिया के जरिए शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

## सार-संक्षेप

### प्लास्टिक उन्मूलन अभियान में वसूला जुर्माना


सब्जी मंडी में पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाते पालिका कर्मी। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर पालिका ने शुक्रवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया और प्रतिबंधित पालीथिन के प्रयोग पर जुर्माना वसूला। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने दुकानदारों के पास मानक के विपरीत पालीथिन देखी, जिसे जब्त कर लिया गया। पालीथिन जब्त करने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया, और कई दुकानदारों ने पालीथीन को छिपाने की कोशिश की। एसबीएम प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत 9 दुकानदारों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें करीब 3 किलो प्रतिबंधित पालीथिन जब्त की गई और 1700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा, ताकि नगर में प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### रोज घंटों लग रहे जाम से आमजन हलकान


सब्जी मंडी के सामने परियर-मरौंदा मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

**परियर, उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के मरौंदा मार्ग पर रोज सुबह लगने वाली सब्जी मंडी में आड़े-तिरछे वाहन खड़े करने से लगने वाले जाम से क्षेत्रीय लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पार्किंग की जगह होने के बाद भी लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे रोज 3 से 4 घंटे जाम लगा रहता है। परियर क्षेत्र की सब्जी मंडी में इस समय सब्जियों के साथ आम की भी बिक्री जोरों पर है। अधिकांश आम विक्रेता अपनी आम से भरी क्रेट सड़क पर ही उतारकर बेचने लगते हैं। जिससे खरीददार भी अपने वाहन वहीं पर आड़े-तिरछे खड़े कर देते हैं। जो क्षेत्रीय लोगों के आवागमन के लिए रोज के जाम का कारण बन गया है। जिससे बाइक तक निकालना मुश्किल हो जाता है। इस संबंध में चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि जाम से छुटकारा दिलाने के लिए शनिवार से पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने दो सिपाहियों को किया निलंबित

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला अस्पताल में हुई चोरी के मामले में पुलिस पूछताछ के लिए लाए गए दो लोगों के चौकी से भागने की उठी चर्चा का एसपी दीपक भूकर ने गुरुवार देररात संज्ञान लेकर सीओ सिटी सोनम सिंह को जांच के आदेश दिए थे। प्रथम दृष्टया सीओ की जांच में पता चला कि एक व्यक्ति चौकी के अंदर था। जबकि दूसरा चौकी के बाहर से भागा था। घटना के समय पूरे मामले में दो आरक्षियों की लापरवाही मिलने पर एसपी ने आरक्षी जितेंद्र व लोकेंद्र को निलंबित कर दिया और उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू की है। बता दें कि पूरे मामले में कोतवाली प्रभारी ने एक व्यक्ति को चोरी का माल बरामद कर जेल भी भेजा है।

### अब सात जुलाई तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य


पंडित ऋषिकांत शास्त्री।

**सफीपुर, अमृत विचार।** देव गुरु बृहस्पति अस्त हो गए और वे अब 7 जुलाई तक इसी अवस्था में रहेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं होंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषचार्य पंडित ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि 11 जून-2025 दिन बुधवार को सायं 6 :41 बजे बृहस्पति देव अस्त हो चुके हैं। इसलिए सभी प्रकार के मांगलिक कार्य अब नहीं किए जायेंगे। विशेष रूप से वर-कन्या वरण, मुंडन व उपनयन संस्कार, विवाह संस्कार व वधू का प्रथम आगमन आदि कार्यक्रम नहीं किए जाते हैं। गृह प्रवेश गृहारम्भ जैसे शुभ मुहूर्त नहीं होंगे। जो कि 7 जुलाई को पूर्व दिशा में दिन में 3 बजे उदय हो जायेंगे। सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त बृहस्पति देव के अस्त होने पर धार्मिक पूजन पाठ जप तप करें और अपने सनातन धर्म की रक्षा में तत्पर रहें।

### अव्वल आने पर सीएचसी कर्मियों ने मनाई खुशी


केक काटकर खुशी मनाते सीएचसी कर्मचारी। अमृत विचार

**औरास, अमृत विचार।** कस्बा औरास स्थित सीएचसी औरास में अधीक्षक डॉ. अनूप तिवारी के निर्देशन में चिकित्सा कर्मचारी कड़ी मेहनत व लगन से काम कर रहे थे। जिसका सीएचसी में बीती 15 व16 मई को दो सदस्यीय केंद्रीय टीम के डॉ. आशीष गुप्ता व डॉ. रजनीश कुमार द्वारा इनक्वॉस सर्टिफिकेशन के लिये दो दिवसीय हकीकत को परखकर असेसमेंट किया गया था। जिसका परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। जिसमें सीएचसी औरास पहली बार में ही बिना किसी कंडीशनलिटी के 87 प्रतिशत स्कोर के साथ जिले में पहला स्थान आने पर सीएचसी ने जिले का मान बढ़ाया है। इस खुशी का इजहार करने के लिए सीएचसी सभागार में एक सेलिब्रेशन पार्टी रखी गई। जिसमें अधीक्षक डॉ. अनूप तिवारी व सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने खुशी का इजहार किया और केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान डॉ. शोएब अली, डॉ. चंद्रा गुप्ता, डॉ. आलोक, फार्मासिस्ट विपिन चौधरी, फार्मासिस्ट प्रेमचंद, एलटी रामनरेश, सुषमा, शिशिर श्रीवास्तव, सतीश व विकास आदि मौजूद रहे।


परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### एसपी ने परेड की सलामी लेकर देखी मातहतों की चुस्ती

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में हुई साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसमें उन्होंने विभागीय अधिकरियों-कर्मचारियों की चुस्ती देखी। इसके बाद एसपी ने परेड का निरीक्षण करने के साथ ही पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कार्यालयों व अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। सबसे पहले एसपी ने शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस लाइन का बल व विभिन्न कार्यालयों व थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड के निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, पुलिस लाइन ग्राउंड, नवनिर्मित भवन, बैरिक, क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, पीआरवी वाहन, गार्द रजिस्टर व पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा, सीओ लाइन प्रदीप मौर्य, आरआई अब्दुल रशीद आदि मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल क्लब ने शास्त्री क्लब को हराया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए उद्घाटन मैच में इंटरनेशनल क्लब ने शास्त्री क्लब को 131 रनों से हराकर पूर्ण अंक अजित किए।

टॉस शास्त्री क्लब ने जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। इंटरनेशनल क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक समय 78 रन पर छह विकेट गवां दिये। मगर संघर्ष कर रही इंटरनेशनल क्लब के कप्तान ऋषभ यादव ने 57 रनों की शानदार पारी खेल कर संभाला और टीम का स्कोर 183 रनों तक पहुंचाया। इसके अलावा रोहित ने 34, प्रियांशु यादव ने 30 व रंजीत चक्रवर्ती ने 23 रनों का योगदान दिया। शास्त्री क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव व प्रत्यूष ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी शास्त्री क्लब की पूरी टीम इंटरनेशनल क्लब के गेंदबाजों के आगे नतमस्तक हो गई और मात्र 52 रनों पर आलआउट हो गई। सिर्फ कृष्णा शर्मा ने 16 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा।

इंटरनेशनल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान ऋषभ यादव ने तीन, रोहित व नीरज ने दो-दो विकेट लिए। मैच के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानु' ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। शाकिर हुसैन, ओम मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद बीते दिन अहमदाबाद में हुई हृदयविदारक विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, एके श्रीवास्तव, शिव शंकर तिवारी व अमित चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि लीग का दूसरा मैच पीकेसी क्लब व आइडियल क्लब के बीच 14 जून को सुबह 7 बजे से खेला जाएगा।

# पिता ने जहरीला पदार्थ निगलकर दी जान, बेटे ने भी की जान देने की कोशिश

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ककरौरा गांव में शुक्रवार को पत्नी से विवाद के बाद अधेड़ ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। गंभीर हालत में उसे सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पिता की मौत से व्यथित होकर उसके 15 वर्षीय पुत्र ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ककरौरा गांव निवासी कल्लू (55) पुत्र जयराम ने दो शादियां की थीं। पहली पत्नी रजनी से अलगाव के चलते करीब 18 साल पहले दोनों ने अलग-अलग रहने का फैसला कर लिया था। रजनी बेटे राजा को साथ लेकर चली गई और संतखेड़ा निवासी एक व्यक्ति से शादी कर ली। कल्लू ने भी आशा नामक महिला से दूसरी शादी कर ली। जिससे अनमोल व अरमान दो बेटे हैं। समय बीता तो पहली पत्नी से पुत्र राजा अक्सर पिता से मिलने ककरौरा गांव आने-जाने लगा। यह बात पत्नी आशा को नागवार गुजरती थी और बड़े हो रहे बेटों को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता था। शुक्रवार को 15 वर्षीय बड़े बेटे अनमोल ने पिता से किसी काम के लिए पैसे मांगे। बताते हैं कि पिता ने पैसे देने से मना कर दिया। यह आशा को नागवार गुजरा और वह पति से झगड़ा करने लगी। इससे दोनों में काफी देर तक विवाद होता रहा। इससे व्यथित होकर पति ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

# गंगा नगर में युवक का शव मिला, पुलिस कर रही जांच

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ले में एक युवक का शव उसके किराए के कमरे में शुक्रवार को मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कानपुर नगर के अनवरगंज थाना क्षेत्र के बांस मंडी टेलीफोन एक्सचेंज के पास रहने वाले सुरेन्द्र वर्मा का तीस वर्षीय बेटी दीपक वर्मा गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ले में किराये का कमरा लेकर रहता है। शुक्रवार को जब कमरे का दरवाजा दोपहर तक नहीं खोला गया, तो अन्य किरायेदारों ने शक के चलते कमरे में झांककर देखा, जहां दीपक का शव पड़ा था। इसके बाद मामले की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि दीपक वर्मा नशे का आदी था, और इसके कारण उसकी पत्नी आरती ने एक साल पहले उसे छोड़कर अपने मायके प्रयागराज जा चुकी थी।

# तहसील कर्मी का किसान से घूस लेते वीडियो वायरल

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील स्थित चकबंदी कार्यालय में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में कर्मचारी किसान से खुलेआम पैसे लेते दिखाई दे रहा है।

बता दें कि तहसील क्षेत्र के गांव देवगांव के किसानों को सरकारी दस्तावेज पाने के लिए 100 से 200 रुपये की रिश्वत देनी पड़ती है। खतौनी, खसरा व 2ए की नकल जैसे दस्तावेज शासन द्वारा निःशुल्क या मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराने चाहिए। देवगांव गांव के किसान रामकुमार ने बताया कि बिना पैसे दिए दस्तावेज नहीं मिलते। उसने जब आपत्ति जताई तो उसका आवेदन महीनों तक लटका रहा।

कर्मचारियों का कहना है कि यह ऊपर के आदेश पर हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सहायक चकबंदी अधिकारी की जानकारी में यह सब हो रहा है। वसूली गई रकम का बाद में बंटवारा किया जाता है। यह भ्रष्टाचार वर्षों से चल रहा है। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग की है।

# तपता रहा शुक्रवार, पारा पहुंचा 44 पार

**गर्मी का सितम**

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को पड़ी गर्मी व तपन ने सभी रेकार्ड तोड़ दिये। शुक्रवार को दिन का पारा 44 डिग्री पहुंचते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। वहीं चल रही हवा भी पसीना बहाते लोगों को राहत नहीं दे सकी। दोपहर में लू की थपेड़ों ने लोगों को खूब विचलित किया। उतार-चढ़ाव वाले मौसम के बीच शुक्रवार को सूर्यदेव ने भी लोगों को खूब सताया।

शुक्रवार सुबह की शुरुआत धीमी गति से चली हवाओं से हुई। इससे लोगों ने अंदाजा लगाया कि आज गर्मी में कुछ राहत मिल सकती है। लेकिन, हवा दोपहर तक वह लू में बदल गई। जिसने आग में घी का काम किया। दोपहर तक तो ऐसा लगा मानो आसमान से आग बरस रही हो। तेज धूप व गर्म हवाओं के चलते लोग दिन में घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। जहां तहसील रोड, नानाराव पेशवा मार्ग पर सुबह से शाम तक भीड़ रहती थी वहीं लोग जरूरी कामों से ही बाहर निकले। बिना किसी जरूरी कार्य बाहर जाने से बचें। कस्बे के मुख्य मार्ग में आम दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम रही। पंखे व कूलर के सामने बैठने के बाद भी गर्मी का प्रकोप कम नहीं हुआ। वहीं दोपहर में बिजली कटौती ने भी लोगों को खूब मजबूर किया। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हुई। शाम को राहत की उम्मीद भी बेकार चली गई। जून के महीने में गर्मी की यह स्थिति देख लोग परेशान हैं।


सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**क्या है डॉक्टरों की सलाहः** फिजिशियन डॉ. बृजेश सिंह बताते हैं कि धूप में निकलने से बचें। हल्के और ढीले कपड़े पहने तथा खूब पानी पीते रहें। किसी भी प्रकार से परेशानी होने पर तत्काल डॉक्टर की सलाह लें।



फोरलेन डिवाइडर पर लगे पेड़ों में पानी डालता पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में पेड़ों को बचाने का अभियान चला रही पालिका

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** जून माह की भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर पालिका शुक्लागंज पर्यावरण को सुरक्षित रखने और डिवाइडर पर लगे पेड़ों को गर्मी से बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। पालिका की ओर से प्रतिदिन सुबह और शाम टैंकरों के माध्यम से फोरलेन के डिवाइडरों पर लगे पेड़ों में नियमित रूप से पानी डलवाया जा रहा है, जिससे पौधे हरे-भरे बने हुए हैं। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह कार्य कराया जा रहा है। पालिका कर्मियों को सुबह और शाम की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है ताकि पेड़ों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। गर्मी के इस कठिन समय में यह पहल न केवल पौधों को सूखने से बचा रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम साबित हो रही है। पालिका अध्यक्ष का कहना है कि इस प्रकार के प्रयासों से न केवल हरियाली बनी रहेगी, बल्कि शहर का तापमान भी नियंत्रित रहेगा। साथ ही आने वाले समय में पेड़ों की देखभाल में और भी योजनाएं लागू की जाएंगी।

# जीत के लिए 281 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य के करीब

## सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (91) और कप्तान तेम्बा बावुमा (53) क्रीज पर डटे


एडेन मारक्रम

लंदन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजी एडन मारक्रम की शानदार बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को यहां जीत के लिए 282 रन का पीछा करते हुए तीसरे दिन चाय काल के बाद खबर लिखे जाने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 189 रन बना लिए।

मारक्रम 92 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा 53 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका अब जीत से 93 रन दूर है और उसके आठ विकेट शेष है। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया को दोनों सफलता मिचेल स्टार्क ने दिलायी। इससे पहले स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। बल्लेबाजों के लिए आसान हुई परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शुरुआती ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन इस बायें हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलायी।


स्टीवन स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

मारक्रम ने हेजलवुड और स्टार्क के खिलाफ आत्मविश्वास से भरे चौके जड़े तो वहीं वियान मुल्डर (27 रन) ने भी हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ शानदार चौके लगाये। दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक शुरुआत से निपटने के लिए कमिंस को 10वें ओवर में ही ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का सहारा लेना पर मजबूर होना पड़ा। लियोन के आक्रमण पर आने से रन गति पर काफी हद तक लगाम लगी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने लियोन के खिलाफ चौका लगाया लेकिन कमिंस के लिए गेंदबाजी में बदलाव कर स्टार्क को गेंद थमाना फायदेमंद साबित हुआ। स्टार्क ने अपने दूसरे स्पैल की शुरुआती ओवर में ही मुल्डर को चलता कर दूसरे विकेट के लिए खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क के अगले ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा को जीवनदान मिल जब स्लिप में स्टीव स्मिथ उनका मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। बावुमा और मारक्रम ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी:** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

### स्टीव स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुए बाहर

ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## एक नजर

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत



**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत के तायडे ने चमक बिखेरी टीम 'एमजीडी1' संयुक्त बढ़त पर

**लंदन :** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

● टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट शृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।


कोच मोर्ने मोर्कल

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

बेकेनहैम, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले


करुण नायर। ● एजेंसी

दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**लंदन, एजेंसी :** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, नयी कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवड्र्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है। छब्बीस साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था।

**इंग्लैंड की टीम :** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

**आईएसएसएफ विश्व कप**

● महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता

म्यूनिख, एजेंसी

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।


सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

**कड़ा मुकाबला**


लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुईं रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

एंटवर्प, एजेंसी

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के


भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी में खेलने गया भारत तीसरे स्थान पर रहा था।

- **पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया
- **पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स
- **पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया
- **पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;
- **पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;
- **पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।

# निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच

## पहचान, कानून और न्याय में भूमिका

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल) का विश्लेषण करके उसकी पहचान और उसकी आनुवंशिक जानकारी प्राप्त करने का काम करती है। इस जांच का उपयोग चिकित्सा, अपराधों की जांच, उत्पत्ति के प्रमाण और परिवारिक संबंधों की सत्यता स्थापित करने में किया जाता है। कानूनी मामलों में भी डीएनए जांच का अहम स्थान है, खासकर जब बात पितृत्व विवाद, हत्या या अन्य गंभीर अपराधों की हो। डीएनए के आधार पर व्यक्ति की शिनाख्त, अपराध के दौरान मिले प्रमाणों से मेल खाने और निर्दोष व्यक्ति को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। यह तकनीक एक सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है, जो व्यक्ति की पहचान करने में किसी भी संदेह को समाप्त कर देती है।



### जांच के कानूनी पहलू

डीएनए जांच का कानूनी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। यह जांच न केवल अपराधों की पहचान और समाधान में मदद करती है, बल्कि पारिवारिक, पितृत्व विवादों और उत्पत्ति प्रमाणों की सत्यता साबित करने के लिए भी की जाती है। डीएनए जांच एक व्यक्ति के शरीर से प्राप्त डीएनए के विश्लेषण से होती है, जो उसके शारीरिक और आनुवंशिक गुणों को दर्शाता है। डीएनए का विश्लेषण किसी भी अपराध के स्थल से मिले जैविक प्रमाणों के साथ मिलाकर अपराधी की पहचान करने में मदद करता है। कानूनी मामलों में डीएनए जांच के उपयोग से सटीकता और निष्पक्षता की संभावना अधिक होती है।

### जांच कराने के लिए मुख्य कारक

- **पितृत्व विवाद :** अक्सर यह सवाल उठता है कि कोई बच्चा किसका है। डीएनए जांच की सहायता से बच्चे और पिता के बीच मेल को आसानी से जांचा जा सकता है। यह जांच अदालत में पितृत्व संबंधी मामलों का निर्णय सटीक रूप से करने में मदद करती है।
- **अपराधों की पहचान :** अपराधियों को पकड़ने के लिए डीएनए जांच कराया जाता है, अपराध स्थल से मिले खून, बाल, त्वचा, आदि से इसे किया जाता है। यदि जांच अपराधी के डीएनए से मेल खाते हैं, तो यह एक ठोस प्रमाण बनता है, जो न्याय में मदद करता है।
- **साक्ष्य की प्रमाणिकता :** डीएनए जांच एक बहुत सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है। इसके परिणामों को कोर्ट में पेश किया जा सकता है, और इसे एक ठोस और अप्रतिवादित प्रमाण माना जाता है।
- **आनुवंशिक चिकित्सा :** कई कानूनी मामलों में, जैसे वसीयत या सम्पत्ति विवाद में, व्यक्ति के आनुवंशिक इतिहास का पता लगाने के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाता है। यह जांच परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों की पुष्टि करती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें राष्ट्रीय डेटाबेस में डाला जाता है। यदि किसी नए अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है, तो डेटाबेस में उस डीएनए के साथ तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए परीक्षण का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### असली पहचान की पुष्टि

यदि किसी व्यक्ति की पहचान संदिग्ध हो, तो डीएनए परीक्षण उसका असली नाम, उम्र और पहचान साबित करने में सहायक हो सकता है। यह विशेष रूप से विस्थापित या लापता व्यक्तियों के मामलों में महत्वपूर्ण होता है।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### मानसरोवर की यात्रा पर निकला पहला जत्था

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की। मार्गेरिटा ने यात्रा को फिर से शुरू करने में केन्द्र सरकार की भूमिका की सराहना की।

# ईरान पर किया प्रारंभिक हमला : नेतन्याहू

## परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत बनाया निशाना

यरुशलम, एजेंसी



इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए हमले को बहुत ही सफल प्रारंभिक हमला बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

नेतन्याहू ने कहा, हमने बहुत ही सफल शुरुआती हमला किया है। ईश्वर की मदद से, हम और भी कई उपलब्धियां हासिल करने जा रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। नेतन्याहू ने दावा किया, हमने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। हमने नतांज में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया है। हमने ईरानी (परमाणु) बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया है। उन्होंने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया।

इजराइल और ईरानी सूत्रों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली और परमाणु सुविधा को भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि की है, साथ ही ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमलों से इजराइली वायुसेना के लिए ईरान पर हवाई हमले की स्थिति में सुधार हुआ है। इजराइली सेना ने हमलों में से एक का वीडियो भी जारी किया। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शुक्रवार सुबह हवाई हमलों से पहले ईरान के अंदर व्यापक गुप्त अभियान चलाया। मोसाद के नेतृत्व वाले आतंकवाद-रोधी अभियानों ने वहां स्थापित एक गुप्त अड्डे को सक्रिय कर दिया। इन अभियानों का उद्देश्य ईरान की रणनीतिक मिसाइल प्रणाली और उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था। ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा, अब जबकि अल-कुद्स (यरुशलम) पर कब्जा करने वाले आतंकवादी शासन ने सभी रेखाओं को पार कर लिया है... लेकिन, इस अपराध का जवाब देने की कोई सीमा नहीं है।

### एअर इंडिया ने 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एअर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई



**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

### नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी सहित वैश्विक नेताओं से बात की

इजराइली प्रधानमंत्री ने ईरान पर किये हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संक्षिप्त बयान में कहा गया कि कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे।

### रूस ने ईरान पर इजराइली हमले को अकारण बताया

**मॉस्को।** रूस ने ईरान पर इजरायल के अकारण हवाई हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इज़राइल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ अकारण सैन्य हमले स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

# ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी



इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है, ताकि हमल होने और ईरान से जवाबी कार्रवाई किये जाने की सूरत में उन कर्मियों की सुरक्षा की जा सके। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और यमन में ईरान समर्थित हुतियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमलों के बीच यह संख्या बढ़कर 43,000 तक पहुंच गई।

### ईरान में भारतीयों को दी यात्रा से बचने की सलाह

**तेहरान।** ईरान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को देश में मौजूद भारतीयों को इजराइल के हमलों के बाद सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट का अनुसरण करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा

स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत ने किया किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।

### गाजा में इंटरनेट ठप होने से सहायता बाधित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता बाधित हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा, मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा गंभीर सैन्य गतिविधियों से उत्पन्न हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।

साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।